उज्जैन ,इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

जहाँ खबर,वहाँ नजर

# शब्द सरोवर

सांध्य दैनिक

वर्ष 31 अंक-323 | उज्जैन,मंगलवार 02 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 8, मूल्य 1 रुपए

## भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए मुजफ्फरपुर सांसद अजय निषाद



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण की वोटिंग में चंद दिन बचे हैं। सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। एक तरफ भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए है, तो दूसरी ओर कांग्रेस की अगुवाई में इंडी गंठबंधन है। इसके अलावा कुछ दलों का तीसरा धड़ा भी मैदान में है। लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में भाजपा को झटका लगा है। दो बार के सांसद अजय निषाद ने भाजपा छोड़, कांग्रेस का दामन थाम लिया है। अजय निषाद मुजफ्फरपुर से दो बार के सांसद थे, लेकिन इस बार पार्टी ने टिकट काट दिया था। इससे वे नाराज चल रहे थे।


## आप नेता आतिशी ने किया बड़ा खुलासा

# बीजेपी ज्वाइन करें नहीं तो हो जाएंगी गिरफ्तार



नईदिल्ली। दिल्ली सरकार के मंत्री आतिशी ने मंगलवार को बड़ा खुलासा किया है। आतीशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे करीबी के जरिए मुझे बीजेपी में शामिल होने का ऑफर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में आम आदमी पार्टी के और भी कई नेताओं को गिरफ्तार किया जाएगा। गिरफ्तार होने की संभावित नेताओं के नाम भी उन्होंने साझा किए हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के चार नेताओं यानी मैं सौरभ भारद्वाज दुर्गेश पाठक और राघव चड्ढा को जल्द ही जेल में डालने के लिए नई रणनीति तैयार की जा रही है।आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा करते हैं वह कहा कि आने वाले दिनों में मेरे घर पर या मेरे रिश्तेदारों के यहां रेड हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके बाद ईडी हमें कई नोटिस भेजेगा और बाद में हमारे भी गिरफ्तारी होगी। आतिशी ने कहा कि हम भगत सिंह के चेले हैं और इस केंद्र सरकार से डरेंगे नहीं।बता दें कि ईडी ने हाल ही में कोर्ट में दावा किया है कि केजरीवाल ने विजय नायर के बारे में कहा था कि यह मेरा आदमी है इस पर पूरा भरोसा करो। ईडी ने दावा किया है कि विजय नायर और कुछ लोगों ने मिलकर इस पूरे घोटाले को अंजाम दिया है। ईडी ने यह भी जानकारी दी है कि विजय नायर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और तब के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के लिए काम करता था।

# क्वारी नदी पर बना अनुपयोगी रेलवे पुल ढहने से 50 फीट नीचे गिरे 7 मजदूर, 5 की हालत गंभीर



मुरैना। जौरा के पास नैरोगेज ट्रेन का पुल मंगलवार सुबह ढह गए। जिससे पुल को डिस्मेंटल कर रहे कुछ मजदूर नीचे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत जौरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। घायलों की संख्या सात हुई, इनमें से पांच की हालत नाजुक होने पर जौरा अस्पताल से जिला अस्पताल मुरैना रेफर किया गया है।घटनाक्रम के मुताबिक सिकरौदा में छोटी रेलवे लाइन का कुंवारी नदी पर पुल बना है। लेकिन ब्रॉडगेज रेलवे ट्रेक डलने के बाद नेरोगेज रेलवे ट्रेक अनुपयोगी हो गया था। इसलिए रेलवे इस पुल को डिस्मेंटल करवा रहा था।कुछ दिन पहले ही रेलवे ने पुल से लोहे की एंगल व गर्डर आदि को मजदूरों से खुलवाना शुरू कर दिया। लेकिन मंगल सुबह अचानक पुल ढह गया। जिससे पुल के एंगल खोल रहे मजदूर पुल से करीब 50 फीट नीचे गिर गए। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत जौरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल होने वाले मजदूरों की संख्या 7 है।

## बीजापुर में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता, मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर, सात घायल



बीजापुर। नक्सली उन्मूलन के छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बल के जवान लगातार अभियान चला रहे हैं। अभियान के तहत सुरक्षा बल के जवान बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित गंगालुर इलाके में सर्चिंग पर निकले थे।इसी दौरान थाना क्षेत्र के नेंड्रा कोरचोली के जंगल में सुरक्षा बल के जवानों का नक्सलियों से सामना हो गया। सुरक्षा बल के जवानों को देखकर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। लेकिन जवानों ने घेराबंदी कर नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। जवानों की जवाबी कार्रवाई में चार नक्सलियों के मारे जाने की खबर है, जबकि सात नक्सली घायल हो गए हैं।इधर, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने मुठभेड़ की पुष्टि की है, लेकिन नक्सलियों मारे जाने व घायलों की संख्या की जानकारी नहीं की है। एसपी जितेंद्र यादव का कहना है मुठभेड़ अभी चल रही है।जानकारी के अनुसार नेंड्रा-कोरचोली के जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर गंगालूर थाना से डीआरजी, सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन,बस्तर फाइटर व सीएएफ के जवानों द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया। नक्सली पुलिस को देख फायरिंग करने पर पुलिस के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

## मोदी मौज करने के लिए नहीं, मेहनत करने के लिए पैदा हुआ है, रुद्रपुर की सभा में बोले पीएम



रुद्रपुर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तराखंड के रुद्रपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि अपार जनसमूह देखकर समझ नहीं आ रहा कि यह प्रचार सभा है या विजय सभा। भाजपा ने 10 साल में उत्तराखंड का खूब विकास किया है और यह अभियान जारी रहेगा।देव भूमि से मिला आशीर्वाद ही मेरी शक्ति है। हमने उत्तराखंड से किया हर वादा पूरा किया है। अब तीसरे टर्म में फ्री बिजली का वादा है।पीएम मोदी ने कहा, मैं जब भी उत्तराखंड की पवित्र धरती पर आता हूं, खुद को बहुत धन्य महसूस करता हूं। इसलिए मेरे दिल की गहराई से एक बात निकली थी देवभूमि के ध्यान से ही मैं सदा धन्य हो जाता हूं, है भाग्य मेरा सौभाग्य मेरा, मैं तुमको शीश नवाता हूं।मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है, मोदी मेहनत करने के लिए पैदा हुआ है। मोदी आपके लिए मेहनत करने के लिए पैदा हुआ है। 10 साल में जो विकास हुआ, वो तो सिर्फ ट्रेलर है। अभी तो बहुत कुछ करना है। अभी तो हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है। तब तक न रुकना है, न थकना है।

# जबलपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलन में बोले जेपी नड्डा- पीएम मोदी ने समाप्त की परिवारवाद की राजनीति



जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज जबलपुर पहुंचे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मानस भवन में आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित किया।प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने देश में परिवारवाद की राजनीति को समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति सबको साथ लेकर चलने की है। हमारा लक्ष्य सबका साथ, सबका विकास है।वे शहीद स्मारक गोल बाजार में शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, त्रिदेव सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल पहुंचकर जबलपुर संभाग के क्लस्टर प्रभारियों की कोर कमेटी बैठक में सम्मिलित होंगे। शाम राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम नगर स्थित पद्मश्री से सम्मानित डॉक्टर एम सी डाबर के निवास स्थान में जाकर उनसे भेंट करेंगे।भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष डुमना से शहडोल के लिए प्रस्थान करेंगे। जहां शाम 4.00 बजे वह पुनः वापस जबलपुर डुमना एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मंगलवार की रात्रि विश्राम जबलपुर संस्कारधानी में ही करेंगे। अगले दिन बुधवार को प्रातः जबलपुर से उज्जैन के लिए रवाना होंगे।

# कच्चातिवू विवाद सामने आया तो कांग्रेस को फिर चीन याद आया, नाकामी छिपाने के लिए किया गया झूठा दावा बताया



नईदिल्ली। भाजपा के बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने 1974 में कच्चातिवू द्वीप श्रीलंका को दे दिया था। कांग्रेस ने इसके जवाब में भारतीय क्षेत्र पर ÷चीनी कब्जे÷ का मुद्दा उठाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की एक नई सूची जारी करने का जिक्र करते हुए कहा कि जब चीन उकसावे का सहारा लेता है, तो पीएम नरेंद्र मोदी कच्चातिवु पर झूठी कहानी में शरण लेने का प्रयास करते हैं।पार्टी और अन्य विपक्षी दलों जैसे कि शिव सेना (यूबीटी) के कुछ नेताओं ने 2015 के एक आरटीआई जवाब का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि 1974 और 1976 में लंका के साथ हुए समझौतों में भारत से संबंधित क्षेत्र का अधिग्रहण या त्याग शामिल नहीं था, और पूछा कि क्या मोदी सरकार के रुख में बदलाव चुनावी राजनीति के लिए था। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी.चिदंबरम ने कहा कि इंदिरा सरकार ने अच्छे संबंध बनाए रखने और लाखों तमिलों की जान बचाने के लिए कच्चातिवू द्वीप पर लंका के दावे को स्वीकार किया। चिदंबरम ने कहा कि प्रधानमंत्री उस मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं जिसे 1974 में सुलझा लिया गया था? श्रीलंका के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने और वहां के लाखों तमिलों की मदद करने के लिए, इंदिरा सरकार ने श्रीलंका सरकार के साथ बातचीत की और उस बातचीत में समझौता यह हुआ कि लगभग 1.9 वर्ग किमी के एक बहुत छोटे द्वीप कच्चातिवू को श्रीलंका का माना जाएगा। लंका और बदले में छह लाख तमिलों को भारत आने की अनुमति दी गई।प्रधानमंत्री हालिया मुद्दों पर बात करने के बजाय उस मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं? 2,000 वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र पर चीनी सैनिकों का कब्जा है और यह एक सच्चाई है। शिव सेना (यूबीटी) नेता और राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने एक्स पर 2015 में विदेश मंत्रालय की एक आरटीआई प्रतिक्रिया साझा की, जिसमें कहा गया था। इसमें भारत से संबंधित क्षेत्र का अधिग्रहण या त्याग शामिल नहीं था क्योंकि प्रश्न में क्षेत्र था। समझौतों के तहत, कच्चातिवू द्वीप भारत-श्रीलंका अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के श्रीलंकाई हिस्से पर स्थित है।

# नया शिक्षा सत्र शुरू, पहले दिन स्कूल पहुंचे विद्यार्थियों को तिलक लगाकर पहनाई फूलों की माला



इंदौर। शहर के शासकीय और निजी स्कूलों में सोमवार को नया शिक्षा सत्र शुरू होने के दौरान उत्सव जैसा माहौल रहा। स्कूलों में आने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, फूलों की माला पहनाकर और आरती उतारकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों में भी स्कूल आने का उत्साह नजर आया।विद्यार्थियों के स्वागत के लिए स्कूलों में पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी गई थी। कई स्कूलों में रंगोली भी बनाई गई, तो कई स्कूलों को फूलों से सजाया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को प्रेरक भाषण भी दिए। जिला शिक्षा अधिकारी मंगलेश व्यास ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल से मान्यता प्राप्त निजी और सरकारी स्कूलों में नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है। पहले दिन प्रवेश उत्सव मनाया गया। स्कूलों का समय पहले के अनुसार ही रहेगा। वहीं सीएम राइस स्कूलों में छह अप्रैल तक प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगी।सोमवार को प्रवेश उत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी भाग लिया। अब मंगलवार से नियमित कक्षाएं शुरू होंगी। बता दें कि पहले शासकीय स्कूलों में ही विद्यार्थियों के लिए प्रवेश उत्सव मनाया जाता था, लेकिन अब निजी स्कूलों में भी मनाया जाने लगा है।

# पत्रकारिता जनसंचार और जनजागरण का माध्यम बने, जनसंपर्क का नहीं



इंदौर। पत्रकारिता लोगों तक समाचार पहुंचाने और जन-जागरण का माध्यम बने। किसी भी व्यक्ति या पार्टी के जनसंपर्क का माध्यम न बने। सरकारें बनाना या गिराना मीडिया का काम नहीं है। पत्रकारिता आज भी समाप्त नहीं हुई है, सिर्फ अच्छी पत्रकारिता की लोगों तक पहुंच थोड़ी मुश्किल हुई है। ये बातें माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय (एमसीयूआरपीवी) के कुलगुरु प्रो. डा. केजी सुरेश ने कहीं।स्टेट प्रेस क्लब मध्य प्रदेश ने आम चुनावों में मीडिया की भूमिका विषय पर परिसंवाद का आयोजन किया। मुख्य वक्ता एमसीआरपीवी के कुलगुरु केजी सुरेश थे। उन्होंने कहा कि पाठक के मन में किसी पत्रकार को लेकर यह जिज्ञासा होनी चाहिए कि उसने क्या लिखा है, यह जिज्ञासा नही होनी चाहिए कि ऐसा उसने क्यों लिखा है। आज त्रासदी यह है कि ज्यादातर मीडिया हाउस ग्राउंड रिपोर्टिंग के लिए खर्च करने के लिए तैयार नहीं हैं। दिल्ली में बैठकर पूरे देश की खबरें तैयार की जाती हैं।उन्होंने श्री रामनाथ गोयनका पत्रकारिता सम्मान के निर्णायक बतौर अपने तीन वर्षों के अनुभव से कहा कि अच्छी पत्रकारिता समाप्त नहीं हुई, सिर्फ उस तक पहुंच मुश्किल हुई है। उन्होंने कहा कि मीडिया पार्टियों के प्रदर्शन, उनके द्वारा किए गए वादों के पूरा होने की स्थिति, प्रत्याशियों की पृष्ठभूमि आदि की जानकारी देकर जागरूकता बढ़ाएं लेकिन जनता की ओर से सोचने का काम कतई ना करें। आज पत्रकारिता पक्षकारिता में बदल रही है, इसलिए गोदी मीडिया जैसी तोहमतें झेलनी पड़ती हैं।विशेष वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार रमण रावल ने कहा कि राजनीतिक पत्रकारिता आसान नहीं होती। किसी दल या नेता अथवा मुद्दे के जनता पर असर का विश्लेषण भी करना होता है और किसी का पक्ष ना लेने की दुविधा भी रहती है, वरना पत्रकार पर ठप्पा लगने का अंदेशा रहता है।

# चोरल के बाईग्राम में 40 पेड़ों की अवैध कटाई, प्रकरण दर्ज



इंदौर। चोरल वनक्षेत्र में अवैध कटाई का मामला सामने आया है। बाईग्राम में 30 से 40 पेड़ों को काटा जाना बताया है। यहां सागवान का जंगल होने से लकड़ी माफिया सक्रिय रहते हैं। मामला दबाने के लिए आरोपितों ने वनक्षेत्र में आग भी लगा दी। इसके पीछे वनभूमि पर अतिक्रमण का प्रयास करना भी बताया है। अवैध कटाई के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों को खबर तक नहीं लगी है। फिलहाल रेंज ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।बीते दिनों बाईग्राम में दो बार पेड़ काटे गए हैं। 27 मार्च की रात में बाईग्राम के 159 कक्ष क्रमांक में आग लगी थी। उसे बुझाने में वनकर्मियों को काफी मशक्कत करना पड़ी, गुरुवार सुबह आग पर काबू पाया गया। वैसे चोरल रेंज में आठ से दस वनकर्मियों की कमी है। स्टाफ के अभाव में बीटगार्ड के पास अलग-अलग वनक्षेत्रों की निगरानी की जिम्मा है। चोरल रेंजर सचिन वर्मा का कहना है कि अवैध कटाई मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया है। ग्रामीणों से पूछताछ कर आरोपितों की तलाश कर रहे हैं।

# इंदौर में एक अप्रैल की सुबह दर्ज किया गया चार वर्ष में सबसे कम तापमान




इंदौर। एक दिन पूर्व देश में प्रवेश कर चुका पश्चिमी विक्षोभ सोमवार को उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। इसके अतिरिक्त पूर्वी मप्र से लेकर तमिलनाडु तक भी एक द्रोणिका बनी हुई है। ऊपरी मंडल में हवा का बहाव उत्तर-पश्चिमी हो जाने के चलते तापमान में वृद्धि का सिलसिला सोमवार को थम गया। प्रदेश भर में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई।प्रदेश में इंदौर में एक अप्रैल की सुबह चार वर्ष में सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। यहां सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान रविवार की अपेक्षा 4.5 डिग्री गिरकर 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक अप्रैल 2019 में यही तापमान दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के पूर्व वरिष्ठ विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि पिछले 24 घंटों में तापमान की बढ़त थमी है। यही नहीं, अधिकतर हिस्सों में कमोबेश गिरावट ही दर्ज की गई, लेकिन यह अस्थाई ट्रेंड है।वर्तमान में सूर्य की किरणें सीधी पड़ रही हैं और 12 घंटे से अधिक धूप तप रही है। ऐसे में मौसम प्रणालियों का असर कम होते ही तापमान में बढ़त का क्रम फिर दिखेगा। अगले दो से तीन दिनों में दो से तीन डिग्री की बढ़त देखने को मिल सकती है। हालांकि, पांच अप्रैल को एक नए पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में आने से कुछ स्थानों पर फिर बादल छा सकते हैं। उसके बाद तापमान में कुछ गिरावट हो सकती है।

# लोकसभा चुनाव की वजह से एमपीपीएससी किया परीक्षाओं की तारीख में बदलाव

इंदौर। लोकसभा चुनाव की वजह से मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने अप्रैल और मई माह में होने वाली अपनी परीक्षाओं की तारीख में परिवर्तन किया है। ये परीक्षाएं अब जून माह में होंगी। उधर विश्वविद्यालयों ने भी अपने यहां होने वाली परीक्षाओं को इन्हीं दो माह के लिए स्थगित करते हुए जून में परीक्षाएं आयोजित करने की तैयारी की है। परीक्षार्थियों को आशंका है कि यदि पीएससी और विश्वविद्यालयों की परीक्षाओं की तिथि आसपास हुई तो परेशानी होगी।पीएससी ने आठ विषयों में 863 पदों के लिए सहायक प्राध्यापक, 110 पदों के साथ राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 202- और 60 पदों के साथ राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा 2023 की घोषणा की है। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 पहले अप्रैल में करवाई जानी थी, लेकिन अप्रैल-मई के बीच अलग-अलग चरणों में मतदान है। ऐसे में परीक्षा करवाने में आयोग को परेशानी आ रही थी। जिन सरकारी कालेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था वहां के स्टाफ की ड्यूटी निर्वाचन कार्य में लगाए जाने की वजह से भी परीक्षा कार्यक्रम बाधित होने की आशंका थी।110 पदों के लिए ढ़ाई लाख अभ्यर्थियों का ध्यान रखते हुए आयोग ने परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया है। अब ये परीक्षाएं 23 जून से होंगी, वहीं जून आखिर में राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा 2023 भी रखी गई है। 140 पदों के लिए होने वाली परीक्षा में 2961 उम्मीदवार बैठेंगे। 12 सहायक वन संरक्षक और 128 क्षेत्रपाल के रिक्त पद रखे हैं। आयोग ने यह परीक्षा 30 जून को करवाना का फैसला लिया है।आयोग के मुताबिक, जुलाई से दिसंबर के बीच नौ अन्य भर्ती परीक्षा भी रखी है। इधर विश्वविद्यालयों की परीक्षाएं भी जून माह में आयोजित होने की संभावना है। परीक्षार्थियों ने आयोग व विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि परीक्षाओं की तारीख नजदीक न हों अन्यथा परीक्षार्थियों को परेशानी होगी।

# इंदौर के दवा बाजार की दुकान में लगी आग, लाखों का माल जलकर खाक



इंदौर। दवा बाजार की एक दुकान में रविवार देर रात आग लग गई। इसमें लाखों का माल जलकर खाक हो गया। दवा बाजार के चौथे माले पर दिलीप अग्रवाल की एलाइंस इंटरप्राइजेस नाम से दुकान है। उनका पैथोलाजिकल और एचआइवी किड्स का बड़ा कारोबार है।दिलीप ने बताया कि रात तीन बजे उन्हें आग लगने की जानकारी मिली। दुकान में करीब 30 लाख रुपये का माल रखा हुआ था। वहीं पलासिया थाना क्षेत्र के रवि नगर में एक फ्लैट में आग लग गई थी। आग बुझाने में करीब पांच हजार लीटर पानी लगा है। आग में गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया।इसी प्रकार नयापुरा क्षेत्र में भी कूलर की दुकान में सोमवार को आग लग गई। इसके कारण दुकान में रखे कई कूलर जल गए। हालांकि आसपास के लोगों ने सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया। क्योंकि गली संकरी होने के कारण यहां फायर ब्रिगेड का वाहन आने में समस्या हो रही थी।

# कार टकराने के विवाद में बीच सड़क पर मारपीट, नशे में धुत युवक-युवतियों ने किया हंगामा



इंदौर। शहर में नाइट कल्चर शुरू होने के बाद बीआरटीएस क्षेत्र में आए दिन विवाद की घटनाएं सामने आ रही हैं। युवक-युवतियां देर रात यहां नशे में हंगामा करते हुए नजर आते हैं। रविवार रात को कार टकराने की बात पर युवक और युवतियों के बीच विवाद और मारपीट हो गई। इस दौरान काफी देर तक बीच सड़क पर भी हंगामा चलता रहा।दरअसल, यह विवाद एमआर-10 ब्रिज से शुरू हुआ था। यहां कार चालक युवती ने दोपहिया वाहन से जा रहे जूनियर डाक्टरों को टक्कर मार दी। इसके बाद जूनियर डाक्टर उसका पीछा करते हुए एलआइजी चौराहे तक आए। यहां कार को रोका तो पीछे बैठा युवक बाहर आया और उसने स्टील की बोतल से मारपीट शुरू कर दी। यह हंगामा करीब 10 मिनट तक चलता रहा, जिसके कारण राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।बता दें कि कार में आगे दो युवती और पीछे दो युवक बैठे थे। हालांकि सूचना के बाद पुलिस ने जूनियर डाक्टरों से बात की तो उन्होंने प्रकरण दर्ज करवाने से मना कर दिया। बताया जा रहा है कि कार में सवार सभी युवक-युवती नशे में धुत थे।

# 25 दिन से पुलिस गिरफ्त से दूर है लंदन विलाज डकैती का आरोपित सोमला



इंदौर। शहर में चर्चित लंदन विलाज टाउनशिप डकैती मामले का मुख्य आरोपित सोमला करीब 25 दिनों से फरार है। इंदौर पुलिस की एक टीम आलीराजपुर पुलिस के साथ मिलकर उसकी तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ कुछ भी नहीं लगा है। घर पर उसके पत्नी और बच्चे भी नहीं हैं। ऐसे में पुलिस को उसे ढूंढ पाना मुश्किल होता जा रहा है।डकैती के बाद मशक्कत कर पुलिस सोमला को पकड़कर लाई थी, लेकिन पांच मार्च को उसे जमानत मिल गई थी। इसके बाद वापस से कोर्ट ने उसकी गिरफ्तारी के आर्डर दिए थे, लेकिन तभी से वह फरार चल रहा है। बता दें कि 23 फरवरी को बाणगंगा थाना क्षेत्र में इंडियन आइल कार्पोरेशन के मैनेजर पुष्पेंद्र सिंह के घर में डकैती हुई थी। पुष्पेंद्र और उनकी पत्नी आकांक्षा को बंधक बनाकर डकैत सोने के आभूषण और रुपये लेकर भाग निकले थे।पुलिस ने डकैती के छह दिन बाद बड़ी कदवाल से डकैत सोमला पुत्र बदन सिंह को गिरफ्तार किया था। रिमांड समाप्त होने पर पुलिस ने सोमला को कोर्ट में पेश किया लेकिन जेएमएफसी कोर्ट से जमानत हो गई। मामले में लापरवाही मानते हुए बाणगंगा थाना प्रभारी और एसआइ को लाइन अटैच कर दिया था। आठ मार्च को पुलिस ने एक बार फिर कोर्ट में आवेदन पेश किया था। केस में धाराएं बढ़ाने, आरोपित के मप्र के कई जिलों और अन्य प्रदेशों में आपराधिक रिकार्ड होने की बात कही थी। इसके बाद कोर्ट ने जमानत निरस्त कर गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। इसके बाद से ही वह पुलिस की गिरफ्त से दूर है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोमला के साथ ही पांच अन्य आरोपितों की भी तलाश की जा रही है।बता दें कि सोमला की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने आलीराजपुर, गुजरात सहित कई ठिकानों पर छापे भी मारे, लेकिन पुलिस के हाथ कुछ भी नहीं लगा। पुलिस जंगलों में भी उसकी तलाश कर रही है। अब इंदौर पुलिस अन्य टीमों को उसकी तलाश के लिए भेजने की तैयारी कर रही है। आरोपित सोमला के ऊपर 30 हजार का इनाम घोषित है।

# मृत घोषित होने के एक घंटे बाद फिर चलने लगी बुजुर्ग महिला की सांसें

इंदौर। जिले के ब्यावरा कस्बा निवासी 62 वर्षीय महिला को इलाज के बाद इंदौर के निजी अस्पताल के चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी सांसें एक घंटे बाद दोबारा तब चलने लगीं, जब उनके स्वजन इंदौर से ब्यावरा के लिए आ रहे थे। रास्ते में मक्सी के पास दोबारा महिला की सांसें चलने पर स्वजन फिर उन्हें इंदौर ले गए हैं।जानकारी के अनुसार, मंजूलता शर्मा की तबीयत अचानक बिगड़ने पर तीन दिन पहले स्वजन इंदौर निजी अस्पताल में उपचार कराने ले गए थे। वे घर पर बेहोश हो गई थीं। वहां जाकर पता चला कि उन्हें ब्रेन हेमरेज और लिवर में संक्रमण है। दो दिन उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया, इसके बाद सोमवार सुबह डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उनके भतीजे अनूप शर्मा ने बताया कि जब वे उन्हें लेकर लौट रहे थे, तभी रास्ते में अचानक उनकी सांसें चलने लगीं। इस पर उन्हें फिर से इंदौर के अस्पताल लेकर गए, जहां डाक्टरों ने दोबारा भर्ती कर लिया है।हालांकि, डाक्टरों का कहना है कि अभी वे खतरे से बाहर नहीं हैं। लिवर काम नहीं कर रहा, ब्रेन काम नहीं कर रहा, सिर्फ हृदय काम कर रहा है, जिसके कारण सांसें चलने लगी थीं। डाक्टर का कहना है कि कई बार ऐसी स्थितियां निर्मित हो जाती हैं, मल्टी आर्गन फेलियर में ऐसी स्थितियां बनती हैं, लेकिन स्थिति क्रिटिकल ही है। फिलहाल उन्हें आक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है।

# इंदौर में युवती ने मांगी लिफ्ट, डरा-धमका कर हजारों रुपये छीने

इंदौर। शहर में राहगीरों के साथ आए दिन लूट की घटनाएं हो रही हैं। अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र के दशहरा मैदान में सोमवार को युवक से लिफ्ट देने के बहाने हजारों रुपये और मोबाइल छीन ले गए। आरोपितों में युवती भी शामिल है।पुलिस के मुताबिक आशुतोष निवासी विदुर नगर ने बताया कि वह दशहरा मैदान की ओर से जा रहा था, तभी आरोपित काजल ने उससे लिफ्ट मांगी और इसके बाद मैदान के पीछे लेकर गई। यहां पहले से ही उसका साथी छोटू उर्फ विजय मौजूद था। दोनों ने नशा करने के लिए रुपये मांगे, जब मना किया तो मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद मोबाइल और 41 हजार रुपये छीनकर भाग गए। पुलिस दोनों आरोपितों की तलाश कर रही है। ये पहले भी नशे के लिए इस तरह की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

## आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने से बाजार मूल्य गाईड लाइन की समयावधि आगामी आदेश तक बढ़ाई गई

उज्जैन। पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग अन्तर्गत माह मार्च-2024 में लगभग 9200 दस्तावेज पंजीबद्ध हुए, जिसमें कुल 66.50 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई है और सम्पूर्ण वित्तीय वर्ष 2023-24 में 460 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया था। इसके विरूद्ध 452.51 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई, जो लक्ष्य का 98.37 प्रतिशत है। महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक के आदेशानुसार लोकसभा चुनाव आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने से वर्ष 2023-24 की प्रभावी बाजार मूल्य गाईड लाइन की समयावधि आगामी आदेश तक बढ़ाई गई है अर्थात आगामी आदेश तक नवीन दरें लागू नहीं की जायेगी।वरिष्ठ जिला पंजीयक उज्जैन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष में कुल पंजीबद्ध दस्तावेजों की संख्या लगभग 76 हजार 753 है, जिसमें विक्रय-पत्रों की संख्या लगभग 49 हजार है, जबकि गत वर्ष में कुल दस्तावेजों की संख्या 67201 थी, जिनमें विक्रय-पत्रों की संख्या 42952 है। इस वित्तीय वर्ष में प्राप्त आय 452.51 करोड़ रुपये है, जबकि गत वर्ष 396.68 करोड़ रुपये थी, जो गत वर्ष से 55.83 करोड़ होकर लगभग 15 प्रतिशत अधिक है।

# पंच-ज अभियान अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से न्यायाधीशगण ने पौधे रोपे





**उज्जैन / म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्री दीपेश तिवारी के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण के उद्देश्य से पंच-ज अभियान (जल, जंगल, जमीन, जन एवं जानवर) के अंतर्गत महाकाल सांस्कृतिक वन की नक्षत्र वाटिका, विक्रम युनिवर्सिटी ग्राउण्ड, उज्जैन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं वन विभाग, उज्जैन के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्री दीपेश तिवारी द्वारा सर्वप्रथम पॉपुलर प्रजाति का पौधा रोपित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात अन्य न्यायाधीशगण द्वारा विभिन्न प्रजाति जैसे-बेलपत्र, जामुन, शीशम, खिरनी, मोहसली इत्यादि के लगभग पौधों का पौधारोपण किया जाकर पर्यावरण संरक्षण का 40 संकल्प लिया। श्री तिवारी ने कहा कि पर्यावरण के बढ़ते प्रदूषण के कारण आज अधिक से अधिक वृक्षों की आवश्यकता है, इसके साथ ही वर्तमान समय में उचित मानव स्वास्थ्य, मरुस्थल के विस्तार को रोकने हेतु भी वृक्षारोपण करना अति आवश्यक है।इस अवसर पर कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री विवेक कुमार गुप्ता, जिला वन मण्डलाधिकारी डॉ. श्रीमती किरण बिसेन, विशेष न्यायाधीश श्री सुनील कुमार, जिला न्यायाधीश एवं सचिव श्री कपिल भारद्वाज, जिला न्यायाधीशगण क्रमशः श्री संजय राज ठाकुर, श्री संजय श्रीवास्तव, श्रीमती मंजुल पाण्डेय, श्री राजेश जैन, श्री वीरेंद्र जोशी, श्री वीरेंद्र वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री राजेंद्र सिंह सिंगार, न्यायिक मजिस्ट्रेटगण श्री विनायक गुप्ता, श्री अतुल यादव, श्री सीताराम दास, श्रीमती प्रियंका सोलंकी, सुश्री सोनाली वर्मा, श्री अनुराग शर्मा, श्री कुशाग्र अग्रवाल, सुश्री ज्योति फुस्केले, श्री राहुल दीवान एवं अन्य न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री चन्द्रेश मण्डलोई, रेंजर श्री मदन मोरे, वन विभाग एवं जिला प्राधिकरण के स्टॉफगण उपस्थित रहे।उपरोक्त के अतिरिक्त तहसील विधिक सेवा समिति नागदा, महिदपुर, बड़नगर, तराना एवं खाचरौद में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पौधे रोपे गये।

# पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा होमगार्ड कार्यालय का निरीक्षण किया



**उज्जैन। रविवार को होमगार्ड लाइन में होमगार्ड तथा आपदा प्रबंधन के पुलिस उप महानिरीक्षक आई.पी.एस. श्री मनीष अग्रवाल द्वारा निरीक्षण किया गया, जिनका स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर डिवीजनल कमाण्डेन्ट होमगार्ड उज्जैन श्री रोहिताष पाठक ने किया। इसके पश्चात सुसज्जित गार्ड द्वारा डी.आई.जी महोदय को सलामी दी गई।**

**डी.आई.जी द्वारा कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया गया एवं अन्य स्थलों का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात डी.आई.जी द्वारा कार्यालयीन अभिलेखों का निरीक्षण किया व सुधार हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उनके द्वारा कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर अधिकारियों/कर्मचारियों व जवानों से चर्चा की गई।**

**इसके पश्चात आपदा उपकरणों के भण्डार में जाकर एसडीईआरएफ जवानों से मुखातिब हुए व उनसे आपदा उपकरणों को ऑपरेट करवाकर उपकरणों की क्षमताओं को परखा। एसडीईआरएफ जवानों को फिट रहने व नियमित व्यायाम करने का सुझाव भी उनके द्वारा दिया गया।**

**निरीक्षण के अवसर पर प्लाटून कमाण्डर श्रीमती रूबी यादव, प्लाटून कमाण्डर श्रीमती शीला चौधरी, प्लाटून कमाण्डर श्री पुष्पेन्द्र त्यागी, प्लाटून कमाण्डर सुश्री हेमलता पाटीदार, प्लाटून कमाण्डर, सुश्री गायत्री वर्मा व एसएसआई श्री बी.एल. सारेल सहित समस्त कार्यालयीन स्टॉफ व होमगार्ड/एसडीईआरएफ के जवान उपस्थित थे।**

## ग्रीष्म ऋतु के मौसम मे धूप की तपन (लू) से रहे सावधान

उज्जैन। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अशोक कुमार पटेल ने बताया कि वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु के मौसम के दौरान बढ़ती धूप की तपन (लू) से सावधानी एवं शरीर को मौसमी बीमारी से बचाव हेतु आमजन को निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना आवश्यक है-क्या करें-घर से बाहर निकलने से पहले भरपेट पानी अवश्य पियें। धूप में जाते समय सूती कपड़े पहने और सिर और कान को सूती कपड़े से ढंक कर रखें। धूप में घूमने वाले व्यक्ति नमक, शक्करयुक्त कोई तरल पदार्थ या ओ.आर.एस. घोल का अधिक सेवन करें। नींबू पानी, आम की केरी का पना, शिकंजी या मट्ठा अधिक से अधिक पियें। भरपेट भोजन करके ही बाहर निकलें। हमेशा ताजा भोजन, फल और सब्जियों खायें। यथा संभव धूप में अधिक न निकले।क्या न करें-धूप में खाली पेट न निकलें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। बुखार में शरीर का तापमान न बढ़ने दें, ठंडे पानी की पट्टी रखें। कूलर या कंडीशनर से धूप में एकदम न निकलें। मिर्च-मसाले युक्त भोजन न करें। बासी भोजन, बासी फल, बासी सलाद न खायें।लू लगने पर-व्यक्ति को फौरन छायादार जगह में लिटायें। व्यक्ति के कपडे ढील करें। उसे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल (ओ.आर.एस.), कच्चे आम का पानी पिलायें। ताप घटाने के लिये, व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखें।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं, अतिथि शिक्षकों को विशेष पुलिस अधिकारी बनाया जायेगा

उज्जैन / लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2024 निर्वाचन प्रक्रिया को सुव्यवथित, स्वतंत्र एवं पारदर्शी पूर्ण संचालन एवं सुविधाओं को दृषित रखते हुये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,सहायिकाओं एवं अतिथि शिक्षकों को विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में नियुक्त करने के निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश को दिये गये है। विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में नियुक्त करने सम्बन्धी प्रस्ताव पर आयोग द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। विशेष परिस्थितियों के दृष्टिगत यह स्वीकृति सिर्फ इसी लोक सभा निर्वाचन के लिए प्रदान की गयी है।

## सेवानिवृत्त होने पर शिक्षिका का किया सारस्वत सम्मान



उज्जैन। शासकीय माध्यमिक विद्यालय दमदमा की श्रेष्ठ शिक्षिका शशि प्रभा टेलर सहायक शिक्षक 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत हुई।इस अवसर पर उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विशेष अतिथि प्रवीण सिंह, दशरथ सिंह चुंडावत रहे। अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सुनील कुमार वर्मा ने की। श्रीमती टेलर का सम्मान दौलत खेमचंदानी, प्रमिला व्यास, शकुंतला रघुवंशी, मेघा शिवहरे, सरोज सोलंकी, माया तिवारी, मैडम त्रिपाठी, मैडम करेल, नवीन सर, कविता शर्मा, पुरुषोत्तम बागोरिया द्वारा किया गया। सारस्वत सम्मान श्री महेश व्यास द्वारा दिया गया। संचालन प्रदीप पांड्या द्वारा किया गया।

# उपार्जन केंद्रों पर पर्याप्त छाव ,पेयजल इत्यादि व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें-कलेक्टर नीरज कुमार सिंह

### गेहूं खरीदी सुव्यवस्थित ढंग से की जाएं ,मतदान दलों को ईवीएम का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण अच्छे से दिया जाएं
### सेक्टर ऑफिसर पीठासीन अधिकारियों के दायित्वों से भलीभांति अवगत हो ,समयसीमा की बैठक आयोजित

उज्जैन / कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सोमवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में उपार्जन की समीक्षा कर मानक मापदंड के अनुरूप खरीदी किए जाने के निर्देश सभी उपार्जन संबंधी अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि परिवहन और भंडारण भी सुचारू रूप से किया जाएं। मंडी में होने वाली खरीदी की भी प्रतिदिन रिपोर्ट की जाएं। उन्होंने सभी एसडीएम से उपार्जन केंद्रो के निरीक्षण के दौरान पाई गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने किसानों की सुविधाओं के लिए खरीदी केन्द्रों पर छाव ,पेयजल इत्यादि व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों से प्राप्त शिकायतों का भी त्वरित निराकरण कराएं। किसानों को भुगतान भी समय पर किया जाएं।

कलेक्टर श्री सिंह ने लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा कर पीठासीन अधिकारियों का प्रशिक्षण 4 अप्रैल से 6 अप्रैल तक आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि पीठासीन अधिकारियों के प्रशिक्षण में सेक्टर ऑफिसर्स भी शामिल रहें। सेक्टर ऑफिसर्स को भी पीठासीन अधिकारियों के दायित्वों के संबंध में अच्छे से प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक है कि सेक्टर ऑफिसर्स का पीठासीन अधिकारियों के दायित्वों से भलीभांति अवगत होना चाहिएं। प्रशिक्षण में विशेष रूप से ईवीएम का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण अच्छे दिया जाएं। जिसकी ट्रेनिंग में परीक्षा भी ली जाएं। पीठासीन अधिकारियों की परीक्षा के लिए डिप्टी कलेक्टर्स की ड्यूटी लगाएं।




कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप गतिविधियों को और प्रभावी बनाएं। आगामी शिव ज्योति अर्पणम्म सहित अन्य कार्यक्रमों में मतदाता जागरूकता की गतिविधियां भी आयोजित की जाए। कम मतदान प्रतिशत वाले केंद्रो पर विशेष फोकस कर स्वीप एक्टिविटीज कराएं। उन्होंने बैठक में निर्वाचन को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की अनुविभागवार जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सी विजील एप पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को दिए। उन्होंने मतदान के दृष्टिगत सभी मतदान केंद्रों पर रंगाई पुताई के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्वाचन के संबंध में मानव संसाधन प्रबंधन, ट्रेनिंग, आवश्यक सामग्री, परिवहन, स्वीप, कानून व्यवस्था, ईवीएम , बैलट पेपर, कम्युनिकेशन प्लान इत्यादि मैनेजमेंट की समीक्षा कर नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों को अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में समयसीमा के प्रकरणों की भी विभागवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित कि सभी अधिकारी टीएल प्रकरणों को समय पर निराकरण सुनिश्चित कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री मृणाल मीना, आयुक्त नगर निगम श्री आशीष पाठक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महेंद्र कवचे , एडीएम श्री अनुकूल जैन सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

सम्पादकीय

# ग्रामीण क्षेत्र पर दबाव

वित्त वर्ष 2023-24 के आखिरी दिन आई यह खबर कई लिहाज से परेशान करने वाली है कि मनरेगा के तहत साल भर में मुहैया कराए गए कार्य दिवसों की कुल संख्या 305.2 करोड़ तक पहुंच गई, जो महामारी से पहले (2019-20) के लेवल से 40 करोड़ ज्यादा है। इससे संकेत मिलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में दिक्कत ज्यादा है, जिससे वहां मनरेगा के तहत काम की मांग बढ़ी है। लोगों को वहां अच्छे रोजगार नहीं मिल रहे।मनरेगा ऐसी योजना है, जो देश के ग्रामीण इलाकों में अकुशल श्रमिकों के लिए आजीविका की आखिरी उम्मीद मानी जाती है। साल 2019-20 के दौरान इस योजना में लोगों की भागीदारी बारिश, मॉनसून, सूखा जैसे सामान्य मौसमी कारकों से प्रभावित हुई थी। उस साल इस योजना के तहत 265.3 करोड़ कार्यदिवस दर्ज हुए थे।उसके बाद महामारी और लॉकडाउन के दौरान देश में शहरों से गांवों की ओर असाधारण पलायन हुआ जिसका प्रभाव मनरेगा समेत जीवन के तकरीबन हर क्षेत्र में देखा गया। मनरेगा में उस साल (2020-21) 389.9 करोड़ कार्यदिवस दर्ज हुए, जो अब तक का रेकॉर्ड है। लेकिन महामारी की लहरें शांत होने के बाद जैसे-जैसे इकॉनमी उस झटके से उबरती गई, यह उम्मीद बढ़ी कि ग्रामीण क्षेत्रों के अनस्किल्ड लेबर को विभिन्न क्षेत्रों में आजीविका मिलती जाएगी और मनरेगा पर दबाव कम होगा। लेकिन अगर अभी भी वहां यह दबाव बना हुआ है जिसका अर्थ है कि या तो लोगों को शहरों में गुणवत्ता वाले काम मिलने की उम्मीद नहीं है या वे गांव छोड़कर शहर जाना नहीं चाहते।2022-23 में भी इस योजना के तहत 293.7 करोड़ कार्यदिवस दर्ज हुए, जो 2019-20 के मुकाबले 28.4 करोड़ ज्यादा थे। यही नहीं, इस साल यानी 2023-24 में यह अंतर बढ़कर 40 करोड़ तक पहुंच गया। ध्यान रहे इस संख्या में संशोधन अपेक्षित है। इस महीने के आखिर तक अंतिम संख्या आएगी और माना जाता है कि वह इससे और ज्यादा होगी।यह स्थिति खास तौर पर ध्यान देने लायक इस लिहाज से भी है कि इस दौरान इकॉनमी में ग्रोथ की रफ्तार अच्छी रही है। भारत आज भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। लेकिन यह वृद्धि अनस्किल्ड लेबर के सबसे कमजोर हिस्सों के लिए कोई राहत लेकर नहीं आई। अन्य क्षेत्रों से कोई बेहतर विकल्प उपलब्ध न होने की वजह से ही ग्रामीण क्षेत्रों की श्रम शक्ति इसी योजना में खपाई जा रही है।आम चुनावों के दौरान शुरू होने वाली गतिविधियों में जरूर इस श्रम शक्ति के एक हिस्से को कुछ रोजगार मिल सकता है, लेकिन उसकी गुणवत्ता अच्छी नहीं होगी। इन क्षेत्रों में कुछ पैसा पहुंचने की भी उम्मीद की जा सकती है। लेकिन इसका स्वरूप अस्थायी होगा। ऐसे में तात्कालिक राहत मिल भी जाए तो उसे समस्या का हल नहीं माना जा सकता। जाहिर है, चुनावों के बाद नई सरकार को इस मोर्चे पर ठोस और टिकाऊ नतीजे देने वाले सुविचारित कदम उठाने होंगे।

## हिंदू नव वर्ष से पहले चार ग्रह करेंगे राशि परिवर्तन



हिंदू नव वर्ष व विक्रम संवत 2081 (कालयुक्त संवत्सर) के साथ ही नौ अप्रैल से चैत्र नवरात्र की शुरुआत होगी। इससे पूर्व अप्रैल के शुरुआती सप्ताह में आकाशीय मंडल के प्रमुख ग्रह अपना घर (राशि परिवर्तन) बदलेंगे।पंडित विनोद गौतम ने बताया कि ग्रहों की चाल में भी बदलाव होगा। अप्रैल में बुध ग्रह राशि परिवर्तन के साथ ही वक्रीय भ्रमण करेगा। सूर्य, शुक्र और मंगल ग्रह भी राशि परिवर्तन करेंगे। खगोलीय मंडल में होने वाले इस बदलाव का कुछ राशियों के जातकों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अलग-अलग ग्रहों की युति होने से तेज गर्मी के साथ ही कुछ जगहों पर बूंदाबांदी के आसार भी बने रहेंगे।पंडित विष्णु राजौरिया ने बताया कि सूर्यदेव 13 अप्रैल को मेष राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के मीन राशि से मेष राशि में गोचर के कारण खरमास खत्म हो जाएगा। फिर से मांगलिक कार्य शुरू होंगे। करीब 12 वर्ष बाद सूर्य-गुरु की युति बनेगी। सूर्य का 14 मई को वृषभ राशि में प्रवेश होगा।पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि बुद्धि, विवेक और वाणी का कारक ग्रह बुध दो अप्रैल से मेष राशि में वक्री (उल्टी) चाल चलेगा। इस बदलाव से मेष, वृषभ सिंह, धनु, मकर और कुंभ राशि वालों को धन लाभ के आसार हैं। साथ ही विशेष फलदायी परिणाम मिलेंगे। चार अप्रैल को बुध मेष राशि में अस्त हो जाएगा।

# यूपी में पहले चरण की 8 सीटों पर 80 प्रत्याशी

उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों के लिए हो रहे पहले चरण के चुनाव की तस्वीर साफ हो गई है। नामांकन के आखिरी दिन चार उमीदवारों ने नाम वापस ले लिया. अब 80 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। चार प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया जिसमें सहारनपुर से दो, कैराना व मुरादाबाद से एक-एक प्रत्याशी शामिल हैं। कैराना में सबसे अधिक 14 व सबसे कम छह-छह प्रत्याशी नगीना व रामपुर लोकसभा सीट में बचे हैं। मालूम हो कि पहले चरण के चुनाव में 30 मार्च को नाम वापसी का अंतिम दिन था। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। यूपी की जिन 8 सीटों पर प्रथम चरण में वोटिंग होगी। इसमें रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना लोकसभा सीट शामिल है। इन 8 लोकसभा सभा चुनाव में पीलीभीत की सीट सबसे हॉट सीट बन गई है, क्योंकि वरुण गांधी का पत्ता बीजेपी ने साफ कर दिया है और कुछ साल पहले कांग्रेस से आए जितिन प्रसाद को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। लेकिन बात अगर राजनीति की करें तो यह क्षेत्र मेनका और वरुण गांधी के लोकसभा क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है, लेकिन इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने वरुण गांधी का टिकट काटकर यहां से जितिन प्रसाद को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। समाजवादी पार्टी ने भी यहां से कुर्मी बिरादरी पर दांव लगाया है, सपा ने भगवत शरण गंगवार को अपना प्रत्याशी बनाया है।दूसरी सीट बिजनौर की है। बिजनौर से एनडीए के उम्मीदवार के तौर पर आरएलडी के प्रत्याशी चंदन चौहान हैं, जबकि समाजवादी पार्टी ने दीपक सैनी को अपना उम्मीदवार बनाया है। बसपा ने यहां जाट प्रत्याशी चौधरी वीरेंद्र सिंह को दिया है। बीजेपी ने गुर्जर बसपा ने जाट और समाजवादी पार्टी ने ओबीसी प्रत्याशी उतारे हैं। आरएलडी को इस गठबंधन में दी गई दो सीटों में एक सीट बिजनौर की है। बिजनौर लोकसभा के इतिहास की बात करें तो राम मंदिर आंदोलन के बाद से यानी 1991 से अब तक भारतीय जनता पार्टी चार बार इस सीट पर अपना कब्जा जमा चुकी है। जबकि इस बीच में समाजवादी पार्टी दो बार रालोद एक बार इस सीट का प्रतिनिधित्व कर चुका है और वर्तमान में इस सीट पर बसपा का कब्जा है. जिसके सांसद मलूक नागर हैं।तीसरी सीट नगीना इसलिए खास है क्योंकि चंद्रशेखर आजाद रावण यहां से अपनी सियासी जमीन की तलाश कर रहे हैं। वो पहली बार चुनाव मैदान में हैं। बीजेपी ने ओम कुमार तो सपा ने मनोज कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है, वहीं बसपा ने सुरेंद्र सिंह मेनवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है. नगीना लोकसभा सीट सुरक्षित सीट है। हालांकि यह सीट सुरक्षित सीट है, लेकिन इस सीट पर मुसलमानों की संख्या सबसे



ज्यादा है। करीब साढ़े 7 लाख वोटर इसमें मुसलमान है. दलित वोटर की संख्या लगभग साढ़े चार लाख के आसपास है. 2009 में यह सीट अस्तित्व में आई और इस पर पहली बार लोकसभा चुनाव हुआ। इस चुनाव में समाजवादी पार्टी के यशवीर सिंह पहली बार विजय हुए थे। उसके बाद 2014 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सांसद यशवंत सिंह ने सपा प्रत्याशी को हराकर इस सीट पर अपना कब्जा जमाया था। जबकि 2019 के चुनाव में सपा और बसपा के गठबंधन के चलते बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी गिरीश चंद्र इस सीट पर विजय रहे जो वर्तमान में इस सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।कैराना-ये इलाका हिन्दू और मुसलमान गुजर बहुल माना जाता है, सपा ने इकरा हसन को अपना उम्मीदवार बनाया है, तो बीजेपी ने प्रदीप चौधरी को। दोनों गुजर हैं, लेकिन अब यहां की सियासत में बिरादरी से बड़ा धर्म का झोल है। चौथी सीट कैराना लोकसभा में पांच विधानसभा मौजूद है। जिसमें कैराना, शामली, थाना भवन नुकुड़ और गंगोह विधानसभा सीट है। कैराना लोकसभा में जातीय समीकरण की बात करें तो यहाँ पर सबसे ज्यादा मुस्लिम मतदाता हैं। जिनकी संख्या करीब 5.45 लाख के आसपास है। 2019 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो उस दौरान यहां पर भाजपा कैंडिडेट ने करीब 75000 से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी।पांचवी सीट सहारनपुर से समाजवादी पार्टी ने इमरान मसूद को तो बीजेपी ने राघव लखन पाल को मैदान में उतारा है। सहारनपुर लोकसभा सीट कई मायनों में सभी राजनीतिक दलों के लिए अहम मानी जाती है। सहारनपुर सीट पर सबसे पहला लोकसभा चुनाव 1952 में हुआ था और तभी से यह सीट कांग्रेस का गढ़ बन गयी। 1952 से लेकर 1977 तक इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा था। 1977 में इमरजेंसी के बाद हुए चुनाव से लेकर 1996 तक इस सीट पर जनता दल या जनता पार्टी का कब्जा रहा। दो बार की हार के बाद 1984 के चुनाव में कांग्रेस ने एक बार फिर यहां पर बाज़ी मारी थी। 1996 के बाद सहारनपुर सीट दो बार भारतीय जनता पार्टी, दो बार बहुजन समाज पार्टी, एक बार समाजवादी पार्टी और फिर 2014 में मोदी लहर के चलते 16 साल बाद यह सीट भारतीय जनता पार्टी के खाते में गई थी। इससे पहले भाजपा 1998 में इस सीट से चुनाव जीती थी। लेकिन 2019 के चुनाव में इस सीट पर एक बार फिर बसपा ने कब्जा कर लिया। 2019 में सहारनपुर लोकसभा सीट से महागठबंधन से प्रत्याशी बने बसपा के हाजी फजलुर्रहमान ने 514139 वोट पाकर जीत दर्ज की। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राघव लखनपाल को 22,417 वोटों से हरा कर इस सीट पर अपना परचम लहराया और इस सीट से लोकसभा सांसद बने। इस लोकसभा सीट पर दलित और मुस्लिम वोट निर्णायक रहते हैं, जो इसे राजनीतिक दलों के लिए अहम बनाता है। छठी सीट मुरादाबाद पर आजम खान की जिद् ने अखिलेश को मुरादाबाद में अपना प्रत्याशी बदलने पर मजबूर कर दिया है, एसटी हसन की जगह सपा ने अब रुचिवीरा को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि बीजेपी ने फिर कुंवर सर्वेश सिंह पर अपना दाँव लगाया है। मुरादाबाद उत्तर प्रदेश की एक महत्वपूर्ण लोकसभा है। पीतल हस्तशिल्प उद्योग के कारण पीतल-नगरी के नाम से मशहूर मुरादाबाद लोकसभा की बात करें तो उसमे कुल 5 विधानसभा आती हैं। मौजूदा सांसद डॉ एसटी हसन समाजवादी पार्टी से मुरादाबाद लोकसभा के सांसद हैं, हालांकि मुरादाबाद का इतिहास रहा है कि यहां हर लोकसभा चुनावों में अलग पार्टी का सांसद बनता है जैसे 2019 में सपा सांसद, 2014 में भाजपा से सांसद कुंवर सर्वेश सिंह, 2009 में कांग्रेस से क्रिकेटर मोहम्मद अजरूद्दीन सांसद रह चुके है।सातवीं सीट मुजफ्फरनगर से बीजेपी ने अपने जाट चेहरे संजीव बालियान को तीसरी बार मैदान में उतारा है तो सपा ने कांग्रेस से आये जाट नेता चौधरी हरेंद्र सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। बात उत्तर प्रदेश की मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट की करें तो यह सीट 2013 दंगे के बाद से उत्तर प्रदेश की मुख्य सीटों में गिनी जाती है। क्योंकि 2013 दंगे के बाद 2014 में जो लोकसभा के चुनाव हुए थे उसमें भारतीय जनता पार्टी ने सभी पार्टियों का एक तरफ सुपड़ा साफ कर दिया था। 2014 के इस चुनाव में मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर भाजपा ने डॉक्टर संजीव बालियान को अपना प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा था। बीजेपी की इस आंधी में संजीव बालियान को इस चुनाव में 653391 वोट मिले थे। जबकि दूसरे नम्बर पर रहे बसपा के प्रत्याशी कादिर राणा मात्र 252241 वोट ही मिल पाए थे। जिसके चलते भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर संजीव बालियान ने इस चुनाव में बसपा प्रत्याशी कादिर राणा को 401150 रिकॉर्ड मतों से मात दी थी। इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने एक बार फिर से डॉक्टर संजीव बालियान पर अपना दांव लगाया था। इस बार संजीव बालियान के सामने राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय अजीत सिंह थे। इस चुनाव में भी संजीव बालियान ने जीत हासिल करते हुए अजीत सिंह को 6526 वोट से हराकर यह चुनाव जीता था। इस चुनाव में डॉक्टर संजीव बालियान को 573780 वोट मिले थे जबकि अजीत सिंह को 567254 वोट मिल पाए थे। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर अगर जातिगत आंकड़ों की बात करें तो इसी सीट पर 2019 चुनाव के अनुमानित आकड़ो के मुताबिक लगभग 17 लाख के आसपास मतदाता है। जिसमें लगभग 5 लाख मुस्लिम, 2 लाख दलित, डेढ़ लाख जाट, 130000 कश्यप, 120000 सैनी, 115000 वैश्य और लगभग 480000 ठाकुर, गुर्जर, त्यागी, ब्राह्मण, पाल, प्रजापत, सुनार और अन्य बिरादरियाँ है।और आठवीं सीट रामपुर की बात की जाए तो कभी चाकू-छूरियों के लिए मशहूर रामपुर पर 1949 तक कुल 10 नवाबों में शासन किया है। देश की आजादी के बाद 1952 में हुए आम चुनाव में देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद यहीं से चुनकर संसद तक पहुंचे थे। यहां पर नवाब खानदान के अलावा भाजपा कि मुस्लिम चेहरे मुख्तार अब्बास नकवी अभिनेत्री जयाप्रदा और सपा के फायर ब्रांड नेता आज़म खान जीत हासिल कर चुके हैं। चुनावी आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो 1952 से 2019 तक के चुनाव में यहां पर काफी उलट फेर देखने को मिले हैं। यहां से 10 बार कांग्रेस, चार बार भाजपा, तीन बार सपा और एक बार भारतीय लोकदल से निर्वाचित हुए सांसद लोकतंत्र के मंदिर यानी संसद में रामपुर का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। मुस्लिम बाहुल्य इस सीट पर राजनीतिक एतबार से धर्म और जाति कोई खास मायने नहीं रखती है। यही कारण है कि यहां के मतदाता दूसरे धर्म या जाति वाले प्रत्याशी को चुनने में किसी तरह का कोई गुरेज नहीं करते है। रामपुर लोकसभा की राजनीतिक पृष्ठभूमि के एतबार से इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े दल के रूप में कांग्रेस की फेहरिस्त में यहां की सीट भी है। जबकि सपा भी यहां पर मजबूत दावा पेश करती देखी जा सकती है। वहीं दूसरी ओर भाजपा के दिग्गजों ने भी विरोधियों को कई मौके पर चुनावी रण में धूल चढ़ाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी है।

# राजनीति में बदल रहे नैतिकता के मायने

भारतीय राजनीति में ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जो आज भी नैतिकता के आदर्श हैं। लेकिन आज की राजनीति को देखकर ऐसा लगने लगा है कि नैतिकता की राजनीति दूसरा तो अवश्य करें, पर जब स्वयं को नैतिकता की कसौटी पर परखने की बारी आए तब नैतिकता के मायनों को बदल दिया जाता है। भारतीय राजनीति में राजनेताओं पर आरोप लगने पर कई लोगों ने अपने पद को त्याग दिया था, दिल्ली के शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने भारतीय राजनीति को अलग राह पर ले जाने का उदाहरण पेश किया है, हालांकि इस उदाहरण को आदर्श वादिता के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। यह एक मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले व्यक्ति के लिए शोभनीय नहीं हैं। केजरीवाल स्वयं कहते थे कि वे राजनीति में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आए हैं, लेकिन अब जब उन पर ही सवाल उठ रहे है, तब उनसे भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की आशा करना बेमानी ही कही जाएगी। यहाँ सवाल यह भी उठ रहा है कि दिल्ली के शराब घोटाले में अभी तक जिन पर आरोप लग रहे हैं, उनको जमानत लेने का पर्याप्त आधार नहीं मिल रहा, इसका आशय यह भी है कि सरकार की ओर से कोई न कोई गलत आचरण किया गया होगा, अन्यथा एक मुख्यमंत्री को ऐसे ही गिरफ्तार नहीं किया जाता। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भी यही कहा जा रहा है, उसके पास इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि आम आदमी पार्टी के नेताओं के संकेत पर पैसों का लेनदेन हुआ।दिल्ली में शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जिस प्रकार से प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है, उस पर विपक्ष की ओर से सत्ता पक्ष पर कई प्रकार के सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल उठाना विपक्ष की राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन इन सवालों की परिधि में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उस पर विपक्ष कुछ भी बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इससे इस बात को भी बल मिलता है कि दाल में कुछ काला अवश्य है। प्रवर्तन निदेशालय ने यह साफ



तौर पर संकेत दिया है कि केजरीवाल शराब घोटाले का मुख्य आरोपी है। अब यह जांच के बाद ही पता चलेगा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर लगाए जा रहे आरोप किस हद तक सही हैं या फिर केजरीवाल अपने आपको निर्दोष साबित कर पाते हैं या नहीं। अगर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से लगाए गए आरोपी प्रमाणित होते हैं तो यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक संवैधानिक पद के प्रभाव का दुरुपयोग किया है।हम यह भली भांति जानते हैं कि अरविंद केजरीवाल अण्णा हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की उपज हैं। उस समय अरविंद केजरीवाल ने अपने आपको ऐसा प्रचारित किया कि एक वे ही भारतीय राजनीति के उच्चतम आदर्श हैं। लेकिन उनके आचरण पर स्वयं अण्णा हजारे ने सवाल उठाए थे, हालांकि अण्णा हजारे के सवालों को केजरीवाल ने दरकिनार कर दिया। इसका तात्पर्य यही है कि अन्ना हजारे राजनीति में जिस प्रकार का पारदर्शी व्यवहार चाहते थे, वैसा दिखाई नहीं दे रहा था। अब अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भी समाजसेवी अण्णा हजारे की ओर से साफ सुथरी टिप्पणी आई है, जिसमें अण्णा हजारे ने शराब पर नीति बनाने से रोका था। अण्णा हजारे ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को उनके कर्मों का परिणाम बताया। आज दिल्ली का शराब घोटाला यही चरितार्थ करते हुए लग रहा है कि शराब किसी भी संस्था या व्यक्ति को बर्बाद कर देती है। यह बात केजरीवाल पर लागू होती है या नहीं, यह तो समय बताएगा, लेकिन जब आग लगती है तब ही धुंआ उठता है और इस धुंए का कालिमा किस किस के शक्ल को बिगाड़ने का काम करेगी, यह समय के गर्भ में है।केजरीवाल की सरकार पर सवाल उठना तो उसी समय प्रारंभ हो गए थे, जब उनका पहला मंत्री जेल में गया। उसके बाद तो जैसे लाइन ही लग गई। राजनीतिक शुचिता लाने का दम दिखाने वाले आम आदमी पार्टी के नेताओं पर इस प्रकार के आरोप लगने केवल राजनीतिक विद्वेष नहीं हो सकता। अगर यह कार्यवाही राजनीतिक होती तो स्वाभाविक रूप से इन सभी को जमानत भी मिल जाती। जमानत नहीं मिलने से यह आशंका प्रबल हो जाती है कि भ्रष्टाचार हुआ है। आम आदमी पार्टी के नेता भी केवल अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का ही विरोध कर रहे हैं, कोई भी यह नहीं कह रहा कि दिल्ली में शराब घोटाला नहीं हुआ या फिर गोवा के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार का पैसा नहीं लगाया। यह बात सही है कि राजनीतिक तौर पर तर्क तो कई दिए जा सकते हैं, लेकिन इन तर्कों का आधार क्या है? यह कोई नहीं बता पाता।

# बॉलीवुड के सुपरस्टार अजय देवगन मना रहे 55वां जन्मदिन, करोड़ों की संपत्ति के हैं मालिक



बॉलीवुड इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेता अजय देवगन आज यानी की 02 अप्रैल को अपना 55वां जन्मदिन मना रहे हैं। अपने अभिनय के दम पर उन्होंने इंडस्ट्री में जगह बनाई है। वह एक अभिनेता होने के साथ ही डायरेक्टर और प्रोड्यूसर भी हैं। अजय देवगन ने अपने फिल्मी करियर में करीब 100 से अधिक फिल्मों में काम किया है। पंजाबी परिवार में 02 अप्रैल 1969 को अजय देवगन का जन्म हुआ था। उनके पिता वीरू देवगन फिल्मों में एक्शन और स्टंट सीन फिल्माते थे। पर्दे के पीछे रहकर काम करने वाले वीरू देवगन ने अपने बेटे को अभिनेता बनाने की ठानी। वहीं उनकी मां वीना देवगन फिल्म प्रोड्यूसर थीं। अजय देवगन फिल्मी फैमिली से ताल्लुक रखते हैं। ऐसे में उनका अभिनय में कदम रखना लाजिमी था।इंडस्ट्री में एंट्री करने से पहले अजय देवगन का असली नाम विशाल देवगन था। उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि जिस दौरान उन्हें लॉन्च किया जा रहा था। उसी समय तीन विशाल इंडस्ट्री में डेब्यू कर रहे थे। ऐसे में वह सबसे अलग दिखना चाहते हैं। इसलिए उनके पास नाम बदलने के अलावा और कोई ऑप्शन नहीं था।अभिनेता अजय देवगन ने अपने करियर की शुरूआत साल 1991 में फिल्म फूल और कांटे से की थी। इस फिल्म में वह बतौर एक्शन हीरो नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने फिल्म दिलवाले, हम दिल दे चुके सनम, जिगर, द लीजेंड भगत सिंह और गोलमाल आदि में काम किया है। फिल्मों में बेहतरीन एक्टिंग के लिए उन्हें कई अवॉर्ड भी मिले हैं। वहीं फिल्म द लीजेंड भगत सिंह के लिए अजय देवगन को नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिला है। इसके अलावा अजय देवगन को पद्मश्री, 4 नेशनल फिल्म अवार्ड और 4 फिल्म फेयर अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है।अजय देवगन की पर्सनल लाइफ के बारे में बात करें तो अभिनेता का नाम टॉप एक्ट्रेस में शुमार रही रवीना टंडन, करिश्मा कपूर और तब्बू के साथ भी जुड़ चुका है। हांलाकि अभिनेता ने साल 1999 में काजोल संग सात फेरे लिए थे। कपल दो बच्चों बेटे युग और बेटी न्यासा के साथ खुशहाल जिंदगी बिता रहे हैं।अजय देवगन अपने खास अंदाज और एक्शन के लिए जाने जाते हैं। वहीं उनकी नेटवर्थ की बात करें, तो वह 295 करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं। अजय देवगन अपनी फिल्मों के जरिए सबसे ज्यादा कमाई करते हैं और वह कई विज्ञापनों में भी नजर आते हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक एक फिल्म के लिए अभिनेता 30-50 करोड़ रुपए तक चार्ज करते हैं। वहीं गेस्ट अपियरेंस के लिए भी वह अच्छा खासा चार्ज करते हैं।

# मुंबई एयरपोर्ट पर बेटी मालती मैरी के साथ स्पॉट हुई प्रियंका चोपड़ा





एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा और उनके पति निक जोनास और उनकी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनास को रविवार रात मुंबई हवाई अड्डे पर देखा गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर परिवार के कई वीडियो और तस्वीरें सामने आईं।एक फैंस के अकाउंट द्वारा शेयर की गई एक क्लिप में प्रियंका अपनी कार से बाहर निकलते समय मालती को अपनी बाहों में पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं। निक जोनास ने अपने मुंह पर उंगली रखी और पैपराजी को चुप रहने का इशारा किया, जाहिरा तौर पर मालती के लिए। बच्ची ने अपना सिर प्रियंका के कंधे पर रखा था। बाद में, जब निक ने उसे थपथपाया तो उसने पैपराजी की ओर भी देखा। उन्होंने मालती का माथा भी चूमा।ट्रेवल के लिए प्रियंका ने क्रीम स्वेटशर्ट, मैचिंग पैंट और जूते पहने थे। निक ने ब्लैक टी-शर्ट, ग्रीन पैंट और वाइट स्नीकर्स को चुना। इसके साथ ही उन्होंने एक बैग भी कैरी किया था, दोनों ने काला चश्मा पहन रखा था। पिंक ड्रेस में दिखीं मालती; प्रियंका ने अपने चारों ओर शॉल भी लपेटा हुआ था।

# केएफजी एक्टर यश की आने वाली फिल्म टॉक्सिक में होगी बालीवुड सितारों की एंट्री, करीना कपूर और कियारा आडवाणी का नाम कंफर्म





केएफजी एक्टर यश की आने वाली फिल्म टॉक्सिक अपनी कास्टिंग को लेकर काफी समय से चर्चा में है। इस फिल्म में हिंदी बेल्ट के कई कलाकारों को भी लिया जा रहा है। हाल ही में खबरें आई थीं कि फिल्म में यश के साथ करीना कपूर खान, साई पल्लवी और कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि चीजें फाइनल हो गई हैं। कथित तौर पर कियारा आडवाणी और करीना कपूर दोनों को यश स्टारर के लिए लॉक कर लिया गया है। हालाँकि, ये दोनों टॉक्सिक में उसकी प्रेमिका की भूमिका नहीं निभाएंगे।बताया जा रहा है कि करीना टॉक्सिक में यश की बहन के किरदार में नजर आ सकती हैं। यश की प्रेमिका की भूमिका में कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो टॉक्सिक एक भाई-बहन की कहानी होगी। ÷यश और करीना भाई-बहन के किरदार में नजर आएंगे। रिपोर्ट में कहा गया डायरेक्टर गीतू मोहनदास शुरू से ही चाहते थे कि करीना कपूर इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनें। बातचीत चल रही थी। सभी को लगा कि ऐसा सोचा जा रहा था कि करीना ही इसमें लीड एक्ट्रेस होंगी। लेकिन करीना की भूमिका उससे भी अधिक शक्तिशाली है। किसी ने भी करीना को इस तरह की भूमिका में कभी नहीं देखा होगा।इसके अलावा, कियारा आडवाणी को यश की प्रेमिका की भूमिका में लिया गया है। अगर ऐसा होता है, तो कियारा की झोली में आने वाली यह चौथी दक्षिण भारतीय फिल्म होगी क्योंकि वह पहले राम चरण और महेश बाबू के साथ काम कर चुकी हैं और राम चरण के साथ गेम चेंजर में काम कर रही हैं, जो एक अखिल भारतीय फिल्म है। इसके अलावा वह दो और बड़े बजट की फिल्मों में काम करने जा रही हैं। ये फिल्में हैं वॉर 2 और डॉन 3।खैर, टॉक्सिक-ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का निर्देशन गीतू मोहनदास कर रहे हैं। टॉक्सिक से पहले उन्होंने मूथॉन और लायर्स डायस जैसी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्में बनाई थीं। फिल्म के सिनेमैटोग्राफर राजीव रवि हैं। वह एक दिग्गज सिनेमेटोग्राफर होने के साथ-साथ गीतू के पति भी हैं। इस फिल्म का संगीत गैंग्स ऑफ लंदन फेम जेरेमी स्टैक बना रहे हैं।टॉक्सिक का मोशन पोस्टर पिछले साल दिसंबर के आखिर में रिलीज हुआ था। जनता को यह पसंद आया. इस मोशन पोस्टर में यश सिर पर काउबॉय हैट पहने, मुंह में सिगरेट दबाए और कंधे पर बंदूक रखे नजर आ रहे थे. हालांकि उनका चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा था। शायद ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि मेकर्स नहीं चाहते थे कि उनका लुक फिल्म से बाहर हो।

## खेल सरोवर–खेल सरोवर–खेल सरोवर

# मुंबई इंडियंस की लगातार तीसरी हार, रॉयल्स के चहल और बोल्ट चमके




राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2024 में जीत की लय को बरकरार रखते हुए सोमवार को मुंबई इंडियंस को उसी के घर पर मात दे दी। रॉयल्स ने मुंबई को 6 विकेट से हराया और अंक तालिका में नंबर वन पर काबिज हो गई। एमआई ने वानखेड़े स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए 125 रन का स्कोर बनाया, जिसके जवाब में राजस्थान ने 15.3 ओवर में चार विकेट गंवाकर आसानी से लक्ष्य को हासिल कर लिया। हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली मुंबई टीम को लागातार हार का मुंह देखना पड़ा है। इस दौरान राजस्थान के लिए रियान पराग ने अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की धारदार गेंदबाजी के बाद रियान पराग के नाबाद अर्धशतक से राजस्थान रॉयल्स लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इसके साथ ही मुंबई के आकाश मधवाल ने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए लेकिन मुंबई को हार से नहीं बचा पाए।इससे पहले चहल (11 रन पर तीन विकेट) और बोल्ट (22 रन पर तीन विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने मुंबई की टीम नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए। कप्तान हार्दिक पंड्या (34) और तिलक वर्मा (32) को छोड़कर मुंबई का कोई बल्लेबाज क्रीज पर पर्याप्त समय नहीं बिता पाया। इन दोनों के अलावा टिम डेविड (17) और सलामी बल्लेबाज इशान किशन (16) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। रॉयल्स के गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि मुंबई के आउट होने वाले शुरुआती तीन बल्लेबाज पहली गेंद पर पवेलियन लौटे जबकि अंतिम चार ओवर में टीम 14 रन ही बना सकी।रॉयल्स ने पहले ओवर में ही यशस्वी जायसवाल (10) का विकेट गंवा दिया। जायसवाल ने क्वेना मफाका पर लगातार दो चौके मारे लेकिन फिर इसी ओवर में कवर में डेविड को कैच दे बैठे। हार्दिक ने मफाका के साथ गेंदबाजी की शुरुआत इस बार भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ की। जोस बटलर पर मफाका पर चौके से खाता खोला जबकि कप्तान संजू सैमसन (12) ने इस तेज गेंदबाज पर लगातार दो चौकों के साथ आगाज किया। इन दोनों ने बुमराह पर भी चौके मारे।सैमसन हालांकि मधवाल की दूसरी ही गेंद को विकेटों पर खेल गए। रॉयल्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 46 रन बनाए। मधवाल ने बटलर को डीप फाइन लेग पर पीयूष चावला के हाथों कैच कराके रॉयल्स को तीसरा झटका दिया। उन्होंने 13 रन बनाए। रॉयल्स ने एक बार फिर रविचंद्रन अश्विन (16) को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा। पराग ने गेराल्ड कोएट्जी पर लगातार दो चौके मारे। रॉयल्स ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 73 रन बनाए। अश्विन ने कोएट्जी पर चौका जड़ा लेकिन मधवाल की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर वर्मा को कैच दे बैठे। पराग ने बुमराह पर चौके के साथ 14वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर चावला पर छक्के के साथ रॉयलस को जीत के करीब पहुंचाया।रॉयल्स को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए सिर्फ 15 रन की दरकार थी। पराग ने अगली तीन गेंद पर कोएट्जी पर लगातार दो छक्कों और एक चौके के साथ 38 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और टीम को जीत दिलाई। शिवम दुबे आठ रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले सैमसन ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया और उनके गेंदबाजों विशेषकर बोल्ट ने इस फैसले को सही साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।बोल्ट ने पहले ओवर की अंतिम दो गेंद पर रोहित शर्मा (00) और नमन धीर (00) को पवेलियन भेजा। रोहित ने विकेटकीपर सैमसन को कैच थमाया जबकि नमन अंदर आती गेंद पर पगबाधा हुए। इशान (16) ने बर्गर का स्वागत छक्के और चौके के साथ किया। मुंबई को पहले ओवर के बाद ही नमन की जगह डेवाल्ड ब्रेविस (00) को इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतारना पड़ा लेकिन वह बोल्ट की अपनी पहली ही गेंद पर बर्गर को कैच दे बैठे।इशान ने बर्गर पर चौका जड़ा लेकिन वह भी अगली गेंद पर विकेटकीपर को कैच दे बैठे जिससे स्कोर चार विकेट पर 20 रन हो गया। वर्मा ने आते ही बोल्ट पर छक्का जड़ा लेकिन एक बार फिर दर्शकों की हूटिंग का सामना करने वाले कप्तान हार्दिक ने बर्गर पर तीन चौके मारे। हार्दिक को वार्म और टॉस के दौरान भी हूटिंग का सामना करना पड़ा था।मुंबई ने पावर प्ले में चार विकेट पर 46 रन बनाए। वर्मा ने आवेश खान पर अपना दूसरा छक्का मारा जबकि हार्दिक ने इस तेज गेंदबाज के अलावा ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन पर चौके जड़े। हार्दिक हालांकि चहल पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लांग ऑन पर कैच थमा बैठे। उन्होंने 21 गेंद में छह चौकों की मदद से 34 रन बनाए। आवेश ने पीयूष चावला (03) को आउट किया जबकि वर्मा भी चहल की गेंद पर अश्विन को कैच दे बैठे जिससे मुंबई का स्कोर सात विकेट पर 95 रन हो गया। मुंबई के रनों का शतक 15वें ओवर में पूरा हुआ। गेराल्ड कोएट्जी (04) भी चहल की गेंद पर शिमरोन हेटमायर को कैच दे बैठे जबकि टिम डेविड बर्गर पर दूसरा शिकार बने।

# ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी का बयान, कहा- अगर आप पंत से प्रेरित नहीं हो, तो आप सच्चे इंसान नहीं हो



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वाटसन का मानना है कि अगर ऋषभ पंत की भयावह सड़क दुर्घटना में चोटिल होने से लेकर अब एक हाथ से छक्के जड़ने की 15 महीने की यात्रा किसी को प्रेरित नहीं करती है तो वह संभवतः सच्चा इंसान नहीं है। यह 26 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गया था और इस बार उन्होंने आईपीएल में शानदार वापसी की।चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रविवार को उन्होंने इस सत्र का पहला अर्धशतक जमाया। अपनी इस पारी के दौरान पंत ने चार चौके और तीन छक्के लगाए। इनमें से एक छक्का उन्होंने एक हाथ के सहारे लगाया। वाटसन ने जिओ सिनेमा से कहा, ''यह प्रेरणादायक रहा, इसमें कोई संदेह नहीं। वह जिस तरह की परिस्थितियों से गुजरे हैं उसे देखते हुए उनकी इस तरह की बल्लेबाजी अविश्वसनीय है।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप ऋषभ पंत से प्रेरित नहीं हैं, तो फिर आप सच्चे इंसान नहीं हो। उन्हें क्रीज पर पांव जमाने में थोड़ा समय लगा लेकिन जब वह उस चरण से गुजर गए तो फिर उन्होंने ऋषभ पंत की शैली में शॉट खेले और यह वास्तव में असाधारण था।

## मंत्रालय में हुआ राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन



भोपाल। अप्रैल माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर पुलिस बैंड ने देशभक्ति से ओतप्रोत सुमधुर धुनें प्रस्तुत की। सामूहिक गायन में अपर मुख्य सचिव श्री विनोद कुमार, श्री जे एन कंसोटिया, श्री अशोक बर्णवाल, श्री मनु श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव श्री मनीष रस्तोगी एवं सचिव श्री पी नरहरि सहित मंत्रालय, सतपुड़ा और विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे

# सुरक्षा व्यवस्था पर दें विशेष ध्यान-मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन

## श्री राजन ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की

भोपाल । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने कहा है कि पुलिस अधिकारी मतदान से पहले और मतदान के दिन सुरक्षा व्यवस्था की विशेष तैयारियां सुनिश्चित करें। मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त बल उपलब्ध रहें। जिससे मतदान में किसी भी प्रकार का व्यवधान न हो।

श्री राजन ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि चिन्हित एवं निगरानीशुदा सभी अवांछित तत्वों पर शीघ्र प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें। गैर जमानती वारंटों की जल्द से जल्द तामीली करायें। अवैध शराब एवं गैर लायसेंसी शस्त्र जब्त करें और ऐसी किन्ही भी गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगायें।श्री राजन ने निर्देश दिये कि प्रदेश के सभी संवेदनशील क्षेत्रों (वल्नरेबल एरियास) पर विशेष ध्यान दिया जाये। चौकसी ब?ाकर यहां आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बल भी लगाया



जाये।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रदेश में स्थापित किये गये अंतर्राज्यीय नाकों (इन्टर स्टेट) और राज्य के अंदर नाकों (इन्ट्रा स्टेट) की गतिविधियों की समीक्षा कर पुलिस अधिकारियों से कहा कि यह सभी नाके सक्रिय कर दिये जायें। यहां स्टॉफ की संख्या ब?ायें और हर गतिविधि की निगरानी करें।श्री राजन ने कहा कि निर्वाचन के परिपेक्ष्य में तैयार किये गये उ?नदस्ता दल और निगरानी दल (एसएसटी) के मॉनिटरिंग सिस्टम को और प्रभावी बनाया जाये। उन्होंने इन दलों को मुस्तैदी से कार्रवाई करने और इनके कार्यों की रोजाना समीक्षा किये जाने के निर्देश दिये।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने निर्वाचन में संलग्न किये गये सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विधिवत प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में पुलिसकर्मियों को उनके पदीय कर्त्तव्यों और इन कर्त्तव्यों को पूरा करने के लिये अपनायी जाने वाली निर्धारित प्रक्रिया के बारे में भी बताया जाये।श्री राजन ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि सीमावर्ती राज्यों के जिला स्तर के पुलिस अधिकारियों के साथ मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधिकारियों की बॉर्डर मीटिंग कराई जाये। इस बैठक में दोनों ही प्रदेशों के पुलिस अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि सभी जरूरी प्रतिबंधात्मक कार्यवाईयाँ समय-सीमा में हों।बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री विवेक श्रोतिय, पुलिस महानिरीक्षक (कानून व्यवस्था) एवं स्टेट पुलिस नोडल ऑफिसर श्री अंशुमान सिंह, सहायक पुलिस महानिरीक्षक श्री नागेन्द्र सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# भोपाल जिले के मतदानकर्मियों के लिए प्रशिक्षण हुआ

भोपाल । लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिये भोपाल जिले की सभी विधानसभाओं के मतदानकर्मियों के लिए एक साथ दो-दो सत्रों में प्रशिक्षण शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण 5 अप्रैल तक संबंधित जनपद पंचायत के नियत स्थल पर दो-दो सत्रों में संचालित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आठ स्थानों पर एक साथ प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ।



भोपाल जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री ऋतुराज सिंह ने प्रशिक्षण में सम्मिलित प्रशिक्षणार्थियों को निर्देशित किया कि चुनाव प्रक्रियाओं की बारीकियों को समझें। निर्वाचन संबंधी तमाम जिज्ञासाओं के समाधान के बाद ही प्रशिक्षण हॉल छो?ें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में हुई गलती क्षम्य नहीं होगी।श्री ऋतुराज सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक बिन्दु के संबंध में लिखित निर्देश जारी किए गए है जिसका अध्ययन कर शत प्रतिशत पालन कराया जाना है। उन्होंने सम्पूर्ण निर्वाचन कार्य टीम वर्क की भावना से करने पर बल देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक मतदानकर्मी की प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से निगरानी रखी जाती है। किसी एक की गलती से जिले की प्रतिष्ठा प्रभावित होती है। किन्ही भी परिस्थितियों में हमारी प्रतिष्ठा प्रभावित ना हो, इसका पूरा ध्यान रखना आवश्यक है।श्री सिंह ने कहा कि मतदान दल की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में मतदान दलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसके लिए मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया से भली भांति अवगत होना आवश्यक है। मतदान के पूर्व की तैयारियों से लेकर मतदान दिवस तथा मतदान का समय समाप्त होने के पश्चात मतपत्र लेखा तैयार करनें की जानकारी तक से अवगत होना आवश्यक है। मतदान दल में तैनात सभी शासकीय सेवक ईव्हीएम संचालन का पर्याप्त अभ्यास कर लें।प्रशिक्षणार्थियों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दल के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व, पोलिंग एजेंटों की मतदान केंद्र पर नियुक्ति, मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व होने वाली कार्यवाही, मतदान के पूर्व की तैयारी एवं मॉक पोल, मतदान की पूर्व तैयारी एवं मॉक पोल, मॉक पोल का क्रम, मॉक पोल के दौरान मशीनों का परिवर्तन, मॉक पोल के पश्चात मशीनों की सीलिंग, वास्तविक मतदान प्रारंभ, मतदान केन्द्र में प्रवेश के लिये अनुमति धारक व्यक्ति, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के प्रवेश का विनिमय, मतदान केंद्र और आस-पास निर्वाचन विधि का प्रवर्तन, मतदान प्रक्रिया, मतदान के दौरान की विशेष स्थितियां, बैटरी का विस्थापन, विस्थापन, व्हीव्हीपीएटी पेपर स्लिप पर गलत प्रिंट, मतदान समाप्ति पर कार्यवाही, निर्वाचन अभिलेख तैयार करना एवं पैकिंग, किंग, बुकलेट प्रपत्र, आदि की जानकारी दी गई। इसके अलावा पीठासीन अधिकारियों को भी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षित किया गया है।

# एक अप्रैल तक मिली 1473 शिकायतें

## सी-विजिल एप में शिकायतों का हो रहा त्वरित निराकरण

भोपाल । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि 16 मार्च से आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू होते ही सी-विजिल एप पर शिकायतें प्राप्त होने लगी हैं। एक अप्रैल तक प्रदेश के सभी जिलों से इस एप के माध्यम से कुल 1473 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है।श्री राजन ने बताया कि मुख्य रूप से सागर जिले में 165, ग्वालियर में 128, उज्जैन में 111, खरगोन में 70, शहडोल में 69, सीहोर में 60, रीवा में 59, धार में 57, भोपाल में 53, निवाड़ी में 51, रायसेन में 44 और राजगढ़ में 41 शिकायतों के साथ अन्य जिलों में भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। श्री राजन ने प्रदेश के नागरिकों से अनुरोध किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा। इसके लिए नागरिक को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी-विजिल एप तैयार किया गया है। इस एप के जरिए कोई भी नागरिक राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को उनके पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से परिवहन करने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों या परिसर पर प्रचार सामग्री लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायतें कर सकता है।

# केंद्र सरकार को पसंद आई मध्यप्रदेश की सुरक्षित महिला पर्यटन परियोजना



भोपाल। प्रदेश के पर्यटन स्थलों को महिलाओं के अनुकूल बनाने के लिए मप्र पर्यटन विभाग द्वारा कई प्रयास किए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा रिस्पांसिबल टूरिज्म मिशन के तहत संचालित महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल (एसटीडब्ल्यू) परियोजना को सराहते हुए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने इसे दूसरे राज्यों को भी लागू करने को कहा है।पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार की महानिदेशक मनीषा सक्सेना ने सभी राज्यों के प्रमुख सचिव पर्यटन को मप्र पर्यटन विभाग की उक्त योजना की तरह एक अभिनव प्रस्ताव तैयार कर भेजने के लिए पत्र लिखा है। इसके साथ ही उन्होंने मध्य प्रदेश पर्यटन से कहा है कि निर्भया फंड के तहत ऐसी ही और परियोजनाओं का प्रस्ताव बनाएं।भारत सरकार के निर्भया फंड के तहत वित्त पोषित परियोजना एसटीडब्ल्यू का संचालन पर्यटन स्थलों पर स्थानीय समुदाय व महिलाओं की भागीदारी से पर्यटन स्थलों को महिलाओं के लिए सुरक्षित व अनुकूल बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह पर्यटन स्थलों और उसके आसपास सुरक्षित, संरक्षित और महिला अनुकूल वातावरण प्रदान करने पर केंद्रित है, जहां महिलाएं सुरक्षित महसूस करेंगी और अपराध व उत्पीड़न के डर के बिना यात्रा कर सकेंगी। अब तक विभिन्न प्रशिक्षण, कार्यशालाओं के माध्यम से पांच लाख से अधिक महिलाओं को योजना का लाभ मिल चुका है।

# सभी विभाग चुनाव से संबंधित व्यवस्थाएं समय-सीमा में करें

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने दिये निर्देश

भोपाल । सभी विभाग चुनाव से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय-सीमा में सुनिश्चित करें। सभी विभागों में चुनाव संबंधी तैयारियों के लिये नियुक्त नोडल अधिकारी इन व्यवस्थाओं की सतत् मॉनिटरिंग करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने यह निर्देश विभिन्न विभागों के चुनाव से संबंधित व्यवस्थाओं की तैयारियों की समीक्षा के दौरान दिये।



श्री राजन ने गृह विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि चुनाव ड्यूटी के दौरान किसी सुरक्षा कर्मी की दुर्घटना होने पर उसके खाते में अतिशीघ्र प्रावधानित राशि पहुँचनी चाहिए। पुलिस डिप्लायमेंट प्लान शीघ्र तैयार करें। कानून व्यवस्था की दैनिक रिपोर्ट भेजें। मतदान एवं मतगणना दिवस पर शराब की बिक्री पर प्रतिबंध सुनिश्चित करें। अन्य प्रदेशों के करीब मध्यप्रदेश के पड़ोसी जिलों में भी मतदान एवं मतगणना के दिन शराब की बिक्री पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने के लिये जरूरी कदम उठाएं।श्री राजन ने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों में स्थापित मतदान केन्द्रों में अनिवार्य सुविधाएं उपलब्ध करवाएं। दिव्यांग मतदाताओं के लिये व्हील-चेयर की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। खासतौर से सुरक्षा एजेंसियों के वाहनों को ईधन के लिये दूर नहीं जाना पड़े। मतदान के दिनों में सभी निजी संस्थानों में भी श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश मिलना चाहिए।श्री राजन ने बताया कि बालाघाट, मंडला एवं डिंडोरी जिले में चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों/सुरक्षाबलों को गंभीर बीमारी या दुर्घटना होने पर विशेषज्ञ सुविधा वाले अस्पतालों में ले जाने के लिये एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।जबलपुर में एयर एंबुलेंस और बालाघाट में हेलीकॉप्टर उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि मतदान दल के साथ जरूरी दवाइयों के साथ एक मेडिकल किट जरूर रखवाएं। गर्मी को ध्यान में रखते हुए ओआरएस आदि जरूरी दवाइयाँ किट में होनी चाहिए। मतदान कर्मियों के बीमार होने पर हरसंभव इलाज नजदीकी अस्पताल में मिले।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मतदान और मतगणना के दिन निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। सड़कों में बिजली के तार नहीं झूलने चाहिए। निर्वाचन संबंधी फार्म एवं पुस्तकों का मुद्रण समय-सीमा में किया जाए। लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग मतदान केन्द्रों तक के पहुँच मार्ग की मरम्मत आदि का कार्य समय-सीमा में कराएं।इस दौरान अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री बसंत कुर्रे, श्री तरूण राठी, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद कुमार शुक्ला एवं सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री पी. नरहरि, सचिव सामान्य प्रशासन श्री अनिल सुचारी, आयुक्त आबकारी श्री अभिजीत अग्रवाल, सचिव गृह श्री गौरव राजपूत, सचिव विधि एवं विधायी कार्य श्री विकास भटेले, अपर सचिव राजस्व श्री चंद्रशेखर बालिंबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# श्री जैन श्वेताम्बर ओसवाल छोटे साजन समाज का हुआ पारिवारिक मिलन समारोह

## समाज की प्रतिभा के साथ सेवा का किया सम्मान, लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



उज्जैन। श्री जैन श्वेताम्बर ओसवाल छोटे साजन समाज का पारिवारिक मिलन समारोह (गोठ) प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आयोजित किया गया।पारिवारिक मिलन समारोह में पारसचंद जैन पूर्व मंत्री, गौतम चंद धींग, कल्याणमल खलीवाला, अशोक जैन ने समाज के उच्च शिक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले यश मारु को सी.ए. बनने पर एवं सिद्धार्थ अभय जैन को डॉक्टर बनने पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही नरेन्द्र तरवेचा के धर्म एवं समाज के प्रति समर्पण के लिए मरणोपरांत समाज रत्न की उपाधि से परिवार को सम्मानित किया गया। समाज अध्यक्ष संजय जैन खलीवाला, सुदीप धींग, सौरभ जैन, धर्मेन्द्र जैन, संजय संघवी, अभय दाता ने अतिथियों का स्वागत किया। समाज की महिला विंग अध्यक्ष रचना सर्राफ, पदाधिकारियों एवं डॉ. अर्पिता शर्मा द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण केम्प लगाया। जिसमें सभी समाजजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। संचालन सुशील जैन ने किया।

# अग्रवाल समाज के होली मिलन में गूंजे खाटू श्याम के भजन



उज्जैन। अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा अग्रवाल समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें बाबा खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया।विनय अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष अग्रवाल व नयन अग्रवाल, राजेश गर्ग, अक्षत अग्रवाल, यश अग्रवाल एवं उनकी पूरी टीम द्वारा आयोजित भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन सम्राट पप्पू शर्मा ने सुमधुर बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल कालुहेड़ा, जगदीश अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष उविप्रा, संजय अग्रवाल महामंत्री भाजपा जिला उज्जैन, श्याम बंसल पूर्व अध्यक्ष उविप्रा एवं विशेष अतिथि के रूप में विजय मित्तल (सिद्धू भैया), संतोष अग्रवाल, राकेश अग्रवाल आरके डेवलेपर्स एवं समाज के सभी बंधुओ ने सह परिवार उपस्थित होकर भजनों का आनंद लिया साथ ही मंडल द्वारा सभी अग्रजन के लिए महाप्रसादी का आयोजन भी किया। आभार दीपक मित्तल ने व्यक्त किया।

# बीसा पोरवाड़ समाज की नई कार्यकारिणी का गठन

## अध्यक्ष अभय कुमार जैन, सचिव संजय मेहता को बनाया




उज्जैन। श्री बीसा पोरवाड़ जैन समाज उज्जैन के सदस्यों का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें हुई साधारण सभा में सर्वानुमति से लिये गए निर्णय अनुसार आगामी 2 वर्षों के लिए नवीन कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों का चयन सर्व सहमति से किया गया।बीसा पोरवाड़ समाज की नई कार्यकारिणी में संरक्षक कांतिलाल शाह, अध्यक्ष अभय कुमार जैन, उपाध्यक्ष नरेन्द्र जैन, प्रशांत फागनिया, सचिव संजय मेहता सुभाष क्लॉथ स्टोर्स, कोषाध्यक्ष विशाल जैन लड्डूवाला, सह सचिव अमित शाह को चुना गया वहीं कार्यकारिणी सदस्य संदीप जैन, नितिन जैन, आशीष जैन, श्रेयांश जैन, मयंक जैन, समीर जैन, शुभ जैन, दीपेश जैन बनाये गये।

# 20वीं सीनियर जम्प रोप चैम्पियनशिप एवं ऑल इंडिया जम्प रोप प्रतियोगिता प्रारंभ

## चैम्पियनशिप में 10 राज्यों के 250 खिलाड़ी सम्मिलित हुए




उज्जैन। 20वीं सीनियर जम्प रोप चैम्पियनशिप एवं ऑल इंडिया जम्प रोप प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। चैम्पियनशिप में 10 राज्यों के 250 खिलाड़ी सम्मिलित हुए।कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत सोनू देसाई द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी एसपी बघेल एवं समाजसेवी भरत आंजना मौजूद रहे। संचालन अंजू सिकरवार द्वारा किया गया एवं आभार शशिकांत पांडे ने माना। कार्यक्रम में रणजीत हनुमान मंदिर चौराहा, चंद्रावती गंज में शाम 5 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी राज्यों का डेमो प्रदर्शन किया गया। श्री सांदीपनि इंटरनेशनल स्कूल में करीब 1000 दर्शकों द्वारा कार्यक्रम को सराहा गया।

# उज्जैन चिड़ार समाज की ओर से किया पं. सुधीर व्यास का अभिनंदन

## 'ये चमक ये दमक फुलवन में महक' भजन पर भक्ति में झूमा समाज



उज्जैन। चिड़ार समाज पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें इत्र वर्षा, सखी नृत्य, राधा कृष्ण रास के साथ ही पं. सुधीर व्यास की भजन संध्या हुई। पं. सुधीर व्यास के 'ये चमक ये दमक फुलवन में महक' भजन पर पूरा समाज भक्ति में झूम उठा।समारोह में ट्रस्ट अध्यक्ष नितिन गेहलोत, कोषाध्यक्ष रोहित गेहलोत, पवन गेहलोत व देवेंद्र गेहलोत द्वारा समाज के वरिष्ठों का शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। वहीं समाज के वरिष्ठ प्रेमनारायण बरहा, मोहन चंदेल, सन्नी गोईया, सुजानसिंह, महिला जिलाध्यक्ष मधु बरहा आदि ने उज्जैन चिड़ार समाज की ओर से पं. सुधीर व्यास का अभिनंदन किया। वहीं ट्रस्ट द्वारा उज्जैन चिड़ार समाज के वरिष्ठ प्रेमनारायण बरहा का शाल श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया।

# अरुण रोचवानी बने उज्जैन लोकसभा चुनाव प्रभारी



उज्जैन। मध्यप्रदेश काँग्रेस सेवादल के अध्यक्ष योगेश यादव द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई की सहमति से काँग्रेस सेवादल के वरिष्ठ नेता अरूण रोचवानी को उज्जैन लोकसभा क्षेत्र का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। बरसों से सक्रिय श्री रोचवानी को ग्रह क्षेत्र का प्रभार मिलने से काँग्रेस प्रत्याशी को लाभ मिलेगा।




# भोजन शाला में भोजन सेवा में दान देने वाले दाताओं के नाम

| क्रमांक | दिनांक | दानदाता का नाम | स्थान | जन्मदिन-स्मृति में भोजन सेवा | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 31.03.2024 | श्री आशीष शर्मा | नईदिल्ली | स्वयं के जन्मदिन के उपलक्ष्य में | आज का भोजन |
| 2. | 31.03.2024 | श्रीमती ताराबाई कोठारी | राजनगर,उज्जैन | स्व प्रकाशचंद्र कोठारी की पुण्य स्मृति में | आज का भोजन |

**उज्जयिनी सेवा समिति द्वारा जिला चिकित्सालय उज्जैन में संचालित भोजन शाला में पिछले 25 वर्षों से समिति भोजन सेवा दे रही है। प्रतिदिन सैकड़ों जरूरतमंद और उज्जैन आने वाले यात्री मात्र 5 रू. में स्वादिष्ट भरपेट भोजन कर रहे हैं। रविवार दिनांक 31 मार्च को भोजनशाला में कुल 268 लोगों ने भोजन प्रसादी प्राप्त की।**

# श्री महाकाल महालोक में एफआरपी की मूर्तियां हटाकर स्थापित की जाएंगी पत्थर की नई मूर्तियां




उज्जैन। ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर के नवविस्तारित क्षेत्र श्री महाकाल महालोक में फाइबर-रिइंफोर्स्ड प्लास्टिक (एफआरपी) की स्थापित मूर्तियां हटाकर कुछ महीने बाद लाल पत्थर की मूर्तियां स्थापित की जाएंगी। पहले चरण में सप्त ऋषियों की सात और भगवान शिव की एक विशाल मूर्ति बनेगी। हरिफाटक पुल के नीचे संभागीय हाट बाजार में सोमवार को लगी महादेव शिल्पकला कार्यशाला में इसका निर्माण शुरू हुआ। मूर्ति निर्माण के लिए राजस्थान के भरतपुर जिले के रूपवास क्षेत्र में स्थित बंसी पहाड़पुर का लाल पत्थर ट्रक से लाया गया है। मूर्ति का निर्माण कोणार्क (ओडिसा) के 10 कलाकार मुरली महाराणा, ईश्वरचन्द्र महाराणा, जितेन्द्र स्वाई, मुन्ना बेहरा, गंगा पालुआ, शिबुना कांडी, कुंडरीदास, कार्तिक दास, पूर्णचन्द्र कांडी, प्रशान्त कांडी करेंगे। वे स्थानीय कलाकारों को मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण भी देंगे।महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी और त्रिवेणी कला संग्रहालय से जुड़े अशोक मिश्रा ने कहा है कि कार्यशाला लंबे समय तक प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 6 बजे तक जारी रहेगी। आने वाले समय में महाकाल की नगरी उज्जैन, मूर्तिकला का सबसे बड़ा केंद्र बनेगा।इसकी नींव रखने को महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ ने दुनियाभर के मूर्ति शिल्पकारों को आमंत्रण भेजा था। आग्रहपूर्वक कहा था कि 'उज्जैन आइए, मूर्ति बनाइए और मानदेय पाइए। आपकी बनाई मूर्ति को वक्त आने पर ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर के नवविस्तारित क्षेत्र महाकाल महालोक, वीर भारत संग्रहालय सहित भिन्न पर्यटन स्थलों पर स्थापित किया जाएगा। आपकी कला से स्थानीय कलाकारों को नया सीखने को मिलेगा। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।'वैसे ये कार्यशाला कायदे से 7 मार्च को शुरू होना थी मगर विशेष कारणों से अब जाकर शुरू हो पाई है। शिल्पकारों को मूर्ति बनाने में उपयोगी सामग्री शोधपीठ ने उपलब्ध कराई है। मूर्ति बनाने के एवज में उन्हें मानदेय भी दिया जाएगा। सप्त ऋषि की प्रत्येक मूर्ति 15 फीट ऊंची, 10 फीट चौड़ी और साढ़े चार फीट मोटी बनेगी।

# 8 अप्रैल को सोमवती अमावस्या, शिप्रा नदी व सोमतीर्थ में होगा पर्व स्नान



उज्जैन। चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या पर सोमवती का योग बन रहा है। पंचांग की गणना अनुसार इस बार 8 अप्रैल को सोमवार के दिन मीन राशि के चंद्रमा, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र, ऐंद्र योग, चतुष्पद करण की साक्षी में आ रही सोमवती अमावस्या सिनीवाली अमावस्या कहलाएगी। धर्मशास्त्र में तीन प्रकार की अमास्या का उल्लेख मिलता है।यह सिनीवाली अमावस्या, कुहू अमावस्या और दर्श अमावस्या कहलाती है। इनमें सिनीवाली प्रमुख अमावस्या है, इस दिन स्नान, दान, पितृकर्म तथा रात्रि में लक्ष्मी प्राप्ति के लिए किए जाने वाले उपायों का शुभ फल प्राप्त होता है।ज्योतिषाचार्य पं.अमर डब्बावाला ने बताया भारतीय ज्योतिष शास्त्र में ग्रह गोचर की गणना के अलग-अलग प्रकार हैं। कभी सूर्य सिद्धांत, कभी चंद्र सिद्धांत या कभी ग्रह विशेष की गणना से व्रत त्यौहार व पर्व काल में अलग-अलग प्रकार के योग संयोग का निर्माण होता है। जिसके कारण उनकी संज्ञा विशिष्ट हो जाती है। यह योग विभिन्न दोषों के निवारण के लिए विशेष प्रभावशाली माने जाते हैं।अमावस्या तिथि पर दरिद्रता निवारण के लिए दिन में पितरों की पूजा और रात्रि में भगवती की साधना विशेष मानी गई है। इस बार सिनिवाली अमावस्या के दिव्य योग में शुभ फल की प्राप्ति के लिए, तीर्थ स्नान, दान व पूजन का विशेष अनुक्रम किया जा सकता है। खास बात यह है कि शनि की गणना से देखें तो वर्तमान में शनि कुंभ राशि में चल रहे हैं। इस प्रकार का योग 30 साल में एक बार बनता है। इस दृष्टि से भी यह सोमवती अमावस्या विशेष पुण्यदायी मानी जा रही है।

# हिस्ट्रीशीटर बदमाश का चिमनगंज पुलिस ने निकाला जुलूस



उज्जैन। चिमनगंज पुलिस ने सोमवार दोपहर एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश का जुलूस निकाला। रेलवे स्टेशन क्षेत्र में बदमाश ने 28 जनवरी की दोपहर 10 आटो के कांच फोड़े थे। इसके बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। बदमाश के खिलाफ चिमनगंज थाने में आठ केस दर्ज हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ रासुका की कार्रवाई की है।टीआइ हितेश पाटील ने बताया कि फिरोज उर्फ कद्दू पुत्र वहिद निवासी शिवशक्ति नगर ने अपने साथी इम्मा के साथ मिलकर 28 जनवरी को रेलवे स्टेशन के बाहर खड़े 10 आटो के कांच फोड़ दिए थे। पुलिस ने इम्मा को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि कद्दू फरार चल रहा था।वारदात के बाद से ही उसकी तलाश की जा रही थी। चिमनगंज थाने में भी कद्दू के खिलाफ आठ केस दर्ज हैं। पूर्व में उसे जिलाबदर भी किया गया था। सोमवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उस पर रासुका के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने कद्दू का रेलवे स्टेशन व देवासगेट क्षेत्र में जुलूस निकाला। इस दौरान बदमाश ने दोनों हाथों से अपने कान पकड़कर गर्दन नीचे कर रखी थी। पुलिस ने रासुका लगाकर उसे इंदौर जेल भेजा है।

# विक्रम नाट्य समारोह आज से

## पहले दिन कर्ण नाटक का मंचन

उज्जैन। विक्रमोत्सव के अंतर्गत कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर में 2 से 8 अप्रैल तक विक्रम नाट्य समारोह होगा। प्रतिदिन रात 8 बजे प्रसिद्ध नाटकों का मंचन किया जाएगा। पहले दिन मुंबई के अशोक बांठिया, कुलविंदर सिंह कृत नाटक 'कर्ण' का मंचन होगा। अगले दिन 3 अप्रैल को भोपाल के बालेन्द्र सिंह के निर्देशन में अंधा युग, 4 अप्रैल को फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा के निर्देशन में हमारे राम, 5 अप्रैल को उज्जैन के सतीश दवे के निर्देशन में अवंती शौर्य, 6 अप्रैल को संजीव मालवीय के निर्देशन में कृष्णायन, 7 अप्रैल को जबलपुर के संजय गर्ग के निर्देशन में अवंतीबाई और 8 अप्रैल को उज्जैन के टीकम जोशी के निर्देशन में श्रीकृष्ण नाटक का मंचन होगा।मालूम हो कि उज्जैन की पहचान महाकालेश्वर मंदिर के साथ यहां की लोक- संस्कृति से भी है। मालवा का प्रसिद्ध नाट्य मंच देशभर में ख्यात है। यहीं हर वर्ष देवप्रबोधिनी एकादशी से सात दिवसीय अखिल भारतीय कालिदास समारोह होता रहा है, जिसमें महाकवि कालिदास रचित नाटकों का मंचन होता आया है। कुल मिलाकर कहे तो उज्जैन में नाट्य कलाकारों के कई बड़े दल हैं, जिन्होंने अपने अभिनय की छाप देश के विभिन्न प्रांतों के लोगों के दिलों पर छोड़ी है।

# कालभैरव मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं को पीटने वाले एक आरोपित को जेल भेजा, तीन गिरफ्तार

उज्जैन। कालभैरव मंदिर के बाहर रविवार को मुंबई से आए सुप्रीम कोर्ट के एड्वोकेट भाइयों के अलावा उनके परिवार के साथ मारपीट की गई थी। मामले में पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ गंभीर धारा में केस दर्ज किया था। सोमवार को पुलिस ने एक आरोपित को जेल भेज दिया, जबकि तीन आरोपितों को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहीं अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट अमरदीप पुत्र रमेश भट्टाचार्य उम्र 46 वर्ष निवासी मुंबई पत्नी शैलजा, भाई ऋषिकेश, भाभी अनुपमा व बच्चे जीत, युवराज, नेत्रा, स्विता के साथ उज्जैन दर्शन करने के लिए आए थे। वे रविवार सुबह भस्म आरती के पश्चात सपरिवार कालभैरव के दर्शन करने मैजिक वाहन चालक कमल कुमार के साथ गए थे।जहां पार्किंग में वाहन रखकर सभी ने प्रसाद खरीदा और दर्शन करने चले गए। अमरदीप के वापस लौटने पर फूल-प्रसाद बेचने वाला राजा भाटी उसकी दुकान से फूल-प्रसाद नहीं खरीदने को लेकर विवाद करने लगा। भाटी ने जबरन 200 रुपये की मांग की थी। अमरदीप व उसके भाई ने बीचबचाव कर रुपये देने से इंकार किया तो राजा व उसके साथी अभद्रता करने लगे और उन्हें घेर लिया।राजा व उसके साथियों ने अमरदीप, ऋषिकेश व नाबलिग बच्चों के साथ मारपीट की। आरोपितों ने अमरदीप के सिर पर लोहे की राड मार दी थी। वहीं उसके भाई व परिवार की महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई थी। नाबालिग किशोर व किशोरियों से भी मारपीट कर कपड़े फाड़ दिए थे।पुलिस ने राजा भाटी उसके भांजे आकाश सांखला दोनों निवासी भैरवगढ़, हर्ष भाटी निवासी भैरवगढ़, रघु दायमा निवासी वीर सावरकर प्याउ सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया था। सोमवार को पुलिस ने हर्ष को कोर्ट में पेश किया था। जहां से उसे जेल भेजने के आदेश जारी हो गए। पुलिस का कहना है कि राजा भाटी, आकाश व रघु को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। बता दें कि कालभैरव मंदिर में रविवार को हुए घटनाक्रम के बाद प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए मंदिर के बाहर लगी 40 अवैध गुमटियों को हटा दिया था।फूल-प्रसाद को लेकर हुए विवाद में घायल अमरदीप व उनका पूरा परिवार पुलिस व प्रशासन की कार्रवाई से संतुष्ट है। उनका कहना है कि उज्जैन के रहवासियों, पुलिस, प्रशासन व वकीलों ने उनका सहयोग किया है।

# अग्रवंशीय वूमेंस क्लब द्वारा गणगौर माता की स्थापना की गई

## भव्य गणगौर मेले का आयोजन दिनांक 7 अप्रैल को



उज्जैन। अग्रवंशीय वोमेंस क्लब द्वारा प्रति वर्ष अनुसार मां गणगौर की स्थापना, पूजन तथा गणगौर मेले का भव्य आयोजन किया जा रहा है।अग्रवंशी वूमेंस क्लब की संस्थापिका रितु मयूर अग्रवाल ने बताया की अग्रवाल धर्मशाला गोला मंडी में 16 दिवसीय गणगौर माता का पूजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 1 अप्रैल को बड़ी गणगौर की स्थापना की गई। अग्रवंशीय वोमेंस क्लब की सदस्यों ने जुलूस निकालकर, नाचकर माता जी की स्थापना की। 7 अप्रैल को भव्य गणगौर मेले का आयोजन, शर्मा परिसर मे किया जाएगा। जिसमें सभी समाज की महिलाएं आमंत्रित हैं। इस अवसर पर रितु अग्रवाल, मनीषा (वीं डी), तनुजा गोयल, बीना गर्ग, मंजू अग्रवाल, मोना अग्रवाल भारती पारसमणी, शारदा गर्ग एवं क्लब की संभी सदस्य उपस्थित उपस्थित थी।

# मेगा स्वास्थ्य शिविर में हुई 390 जांचें, 46 रोगियों का उपचार होगा



उज्जैन। लायन्स क्लब अवंतिका एवं श्री अरबिंदो हॉस्पिटल इंदौर के सहयोग से स्व. श्रीमती रमा देवी राठौर की पुण्य स्मृति में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में पहली बार श्री अरबिंदो हॉस्पिटल की 3-3 उम्मीदों वाली बसों के द्वारा कुल 390 जांचें की गईं जिनमें से 46 गंभीर रोगियों का उपचार किया जाएगा। महंगी जांचें निःशुल्क होने से नागरिक लाभान्वित हुए। क्लब अध्यक्ष दिनेश राठौर के अनुसार होटल विक्रमादित्य में आयोजित शिविर में मुख्य रूप से महिलाओं के सर्वाइकल कैंसर एवं स्तन कैंसर की जांच अनुभवी डाक्टरों द्वारा की गई। लगभग 150 महिलाओं ने पंजीयन कराया था। जिसमें से 54 महिलाओं के स्तन कैंसर की जांच की गई। 38 महिलाओं के सर्वाइकल कैंसर की भी जांच की गई। इसी तरह दंत परीक्षण वेनिटी वेन में करीब 46 व्यक्तियों के दांतों का चेक अप किया गया। करीब 125 मरीजों के बल्ड प्रेशर एवं शुगर की जांच की गई। 58 का हिमोग्लोबिन ए 1 सी किया गया। 68 ईसीजी, 54 इकोग्राफी, 46 सोनोग्राफी की गई। करीब 46 गंभीर मरीजों की पहचान कर उन्हें भावी इलाज के लिए श्री अरबिंदो हॉस्पिटल रेफर किया गया जहां से करीब 75 अनुभवी चिकित्सकों एवं टेक्नीशियन की टीम आई थी। शिविर में डॉ विजय गर्ग का विशेष मार्गदर्शन रहा। लायंस क्लब इंटरनेशनल के द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रवीण वशिष्ठ एवं डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी गिरीश जयसवाल की उपस्थिति रही तथा क्लब सचिव गुलशन नाटानी, संयोजक एलडी साबू, गोविंद गोयल, तेजकुमार जैन, अनिल गोयल, रवि श्रीमाली, नितेश मित्तल आदि लायंस क्लब साथियों का शिविर की सफलता में विशेष सहयोग रहा।

आवश्यकता है
● न्यूज एंकर
● सोशयल मीडिया हैंडलर
● कैमरा मैन
● रिपोर्टर
की तत्काल
आवश्यकता है।
सैलरी योग्यतानुसार–
मोबाईल नं.–
94253 12555

मुद्रक, प्रकाशन, प्रधान संपादक-घनश्याम पटेल द्वारा 97 ए, निकास रोड़ उज्जैन से प्रकाशित व भगवती ऑफसेट 44,बहादुरगंज उज्जैन से मुद्रित,फोन-0734-4218273, इंदौर कार्यालय सी-4/2 ओल्ड पलासिया पी.डब्ल्यू.डी. बंगला-18,इंदौर। फोन-0731-4239766,Email-shabdsaroverindujjain@gmail.com,आर.एन.आई.नं.56481/92, पो.रजि.नं.- एल-2/65/आरपीएन/390/2023-2025, स्थानीय संपादक-जोगेश गोविंदानी।(समाचार चयन के लिए पीआरबीएक्ट के तहत जिम्मेदार)।